इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in**
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 323] भोपाल, शनिवार, दिनांक 1 जुलाई 2017— आषाढ़ 10, शक 1939

विधि (निर्वाचन) कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 1 जुलाई 2017

फा. क्र. 10-2017-चार-145.—भारत निर्वाचन आयोग का आदेश क्रमांक 76-म.प्र.-वि.स.-2009, दिनांक 23 जून 2017 सर्व-साधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है.

एस. एस. बंसल, सचिव.

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
अशोक रोड, नई दिल्ली - 110 001
ASHOKA ROAD, NEW DELHI - 110 001

सं. 76/म.प्र.-वि.स./2009 दिनांक: 23 जून, 2017

विषय: मध्य प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन, 2008 में 22-दतिया विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचित अभ्यर्थी, डा. नरोत्तम मिश्रा के निर्वाचन व्यय का लेखा-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत लेखा की संवीक्षा।

आदेश

यह मामला मध्य प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन, 2008 में 22-दतिया विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, श्री राजेन्द्र भारती (एतद्पश्चात्, "शिकायतकर्ता") से प्राप्त शिकायत दिनांक 13 अप्रैल, 2009 से उत्पन्न हुआ है। श्री नवीन चावला, तत्कालीन निर्वाचन आयुक्त को पूर्वोक्त शिकायत की एक प्रति, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एतद्पश्चात्, "एमपीसीसी") की शिकायत, के साथ प्राप्त हुई।

शिकायत में डा. नरोत्तम मिश्रा (एतद्पश्चात्, "प्रत्यर्थी"), 22 दतिया विधान सभा से मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य की निरर्हता पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग (एतद्पश्चात्, "आयोग") से आदेश देने की मांग की गई थी। यह आरोप लगाया गया था कि प्रत्यर्थी ने मध्य प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन, 2008 में निर्वाचन व्यय का ऐसा गलत लेखा दर्ज किया था जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (एतद्पश्चात्, "लो.प्र. अधिनियम,1951") की धारा 77 और धारा 78 और निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 (एतद्पश्चात्, "सीईआर 1961") के नियम 86-89 के अंतर्गत दी गई रीति के अनुसार नहीं था।

2. शिकायतकर्ता से प्राप्त दिनांक 13 अप्रैल 2009, की शिकायत जो एमपीसीसी की शिकायत के साथ संलग्न थी, में निम्नलिखित आरोप लगाए गए थे:-

क. प्रत्यर्थी द्वारा दर्शाया गया कुल व्यय 2,40,827 रु. था, जैसाकि नीचे विवरण दिया गया है:

वाहन किराया	रु.16,800/-
डीजल	रु.86,727/-
लाउडस्पीकर	रु.3,900/-
बैनर	रु.11,400/-
ऑफिस किराया	रु.7,500/-
दीवार-पेंटिंग	रु.9,500/-
नगरपालिका का किराया	रु.10,000/-
जमानत राशि	रु.5,000/-
कुल	रु.2,40,827/-

हालांकि, ऊपर प्रतिवेदित किए गए व्यय में निम्नलिखित मदों के खर्च सम्मिलित नहीं थे:

(i) *सार्वजनिक बैठकें एवं रैलियां:* यह आरोप लगाया गया था कि निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में विभिन्न सार्वजनिक बैठकों और रैलियों पर उपगत व्यय लेखे में नहीं दर्शाए गए थे। शिकायतकर्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी ("डी.ई.ओ.") से 13 सीडी हासिल की थी जिनमें कथित रूप से प्रत्यर्थी द्वारा की गई वे रैलियां और कार्यकलाप दर्शाए गए थे जिनके लिए लेखे में कोई खर्च की रिपोर्टिंग नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने अनुमान लगाया कि ऐसे सभी कार्यकलापों पर उपगत न्यूनतम व्यय 5,30,093 रु. था।

(ii) फोल्डर एवं कैलेंडर:- यह भी आरोप लगाया गया कि इन रैलियों के अलावा फोल्डरों, हिंदुओं के लिए कैलेंडर और मुसलमानों के लिए कैलेंडरों पर भी व्यय उपगत किए गए हैं जिसके लिए शिकायतकर्ता द्वारा अनुमानित 1,00,000 रु. की धनराशि बताई गई है।

(iii) *समाचार-पत्र विज्ञापन:* यह भी आरोप लगाया गया कि प्रत्यर्थी ने दतिया विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र में परिचालित स्थानीय समाचार-पत्रों में विभिन्न विज्ञापन प्रकाशित किए थे। और ऐसे प्रकाशनों पर भारी खर्च किया था। शिकायतकर्ता ने प्रस्तुत किया कि उसके द्वारा लगभग 35

समाचार पत्र विज्ञापन संग्रहित किए गए थे और समाचार-पत्र के नाम, प्रकाशन की तारीख और प्रकाशन के साइज के आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा 4,79,860 रु का अनुमानित न्यूनतम व्यय बताया था। विभिन्न पेपर प्रकाशनों की, उनके आकारों के अनुसार, दरें दर्शाते हुए समाचार पत्रों की दर सूची की प्रति भी दाखिल की गई हैं।

(iv) *खरीदे गए वाहन और वाहन द्वारा खपत डीजल:-* यह भी आरोप लगाया गया था कि प्रत्यर्थी ने अपने नाम-निर्देशन पत्र के साथ दाखिल दिनांक 04 नवंबर, 2008 के अपने शपथ पत्र में उसके द्वारा खरीदे गए 8 सीटों वाले डीजल वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एचआर-37वी-1282 था, का स्वामित्व भी छिपाया था और उक्त वाहन में खपत हुए डीजल पर खर्च का प्रकटन नहीं किया जिसका उसके निर्वाचन एजेंट, श्री विवेक मिश्रा द्वारा इस्तेमाल किया गया था।

ख. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रत्यर्थी ने अनुमानित कुल 13,50,780 रु का निर्वाचन व्यय उपगत किया था जो सीईआर, 1961 के नियम 60 के अंतर्गत विहित 10 लाख रु. की तत्कालीन सीमा से अधिक और प्रत्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के अपने लेखे में प्रतिवेदित 2,40,827 रु से काफी अधिक था।

ग. शिकायतकर्ता ने यह आरोप भी लगाया था कि प्रत्यर्थी झूठे शपथ-पत्र दिनांक 04 नवंबर 2008 (नाम-निर्देशन पत्रों के साथ प्रस्तुत) और 8 दिसंबर 2008 (निर्वाचन व्यय के लेखे के साथ प्रस्तुत) दाखिल करने और उसमें दी गई सूचना छिपाने के लिए लो.प्र. अधिनियम, 1951 और भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 199 और 200 के अंतर्गत दंड के भागी थे।

घ. शिकायतकर्ता ने यह तर्क भी दिया कि प्रत्यर्थी लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत संसद और राज्य विधान-मंडल के किसी भी निर्वाचन में निर्वाचन लड़ने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए निर्रहित घोषित किए जाने के भागी थे।

3 एमपीसीसी से प्राप्त शिकायत दिनांक 13 अप्रैल, 2009 में निम्नलिखित आरोप लगाए गए थे:

क. प्रत्यर्थी आदर्श आचार संहिता (एतद्पश्चात्, "एमसीसी") के घोर उल्लंघन में लिप्त थे।

ख. प्रत्यर्थी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(2) के अंतर्गत साड़ियां एवं शराब वितरित करने और भारतीय दंड संहिता, 1860 की धाराओं 153क, 188, 191, 199 और 200 से संबंधित अपराधों के लिए मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

ग. यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ऊपर-उल्लिखित मामलों के संबंध में समुचित कार्रवाई नहीं कर रही थी।

घ. आगे यह भी आरोप लगाया गया कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र झूठे थे और वे लो.प्र. अधिनियम 1951 की धारा 125क के अंतर्गत दंड के भागी थे; प्रत्यर्थी सीईआर, 1961 के नियम 86-89 के साथ पठित लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 77, धारा 8क और धारा 10क के अंतर्गत निर्रहता के लिए भी कथित रूप से भागी थे।

4. 13 अप्रैल, 2009, जो शिकायत की तारीख थी, को शिकायतकर्ता ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर बैंच में, विहित सीमा से अधिक निर्वाचन व्यय उपगत करने सहित भ्रष्ट 'आचरणों' के आधार पर लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 81 और 100(1)(घ) के अंतर्गत प्रत्यर्थी के निर्वाचन को चुनौती देते हुए निर्वाचन याचिका (ई.पी.) सं-26/2009 दाखिल की थी। प्रत्यर्थी ने ई.पी. सं. 26/2009 की संधारणीयता को चुनौती दी और उसे निरस्त करने के लिए आवेदन पेश किया जिसे उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 26 मार्च 2010 के जरिए निरस्त कर दिया गया। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 26 मार्च 2010 को विशेष अनुमति याचिका (सिविल) 14984/2010 के द्वारा उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई जिसमें उच्चतम न्यायालय ने 05 जुलाई, 2010 को आगे की कार्यवाहियों पर रोक लगाते हुए आदेश पारित किया। निर्वाचन याचिका सं. 26/2009 वापस लेने के लिए शिकायतकर्ता द्वारा और एक आवेदन (आई.ए. नं.4603/2012) दिनांक 29 नवंबर 2012 दाखिल किया गया। उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 04 दिसंबर, 2012 पर याचिका वापस लेने के नोटिस का सरकारी राजपत्र में प्रकाशन होने के उपरांत दो अन्य आवेदन (नामतः, इम्तियाज मुहम्मद द्वारा

आई.ए.नं.564/2013 दिनांक 20 जनवरी 2013 और तारिक मोहम्मद द्वारा आई.ए. नं.602/2013 दिनांक 01 फरवरी 2013), निर्वाचन याचिका में याचिकाकर्ता के रुप में प्रतिस्थापन के लिए, दाखिल किए गए। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 1 सितंबर 2014 के द्वारा ऊपर उल्लिखित अंतरिम आवेदनों पर निर्णय लेने के लिए उच्च न्यायालय को सक्षम बनाने के सीमित प्रयोजनों के लिए स्थगन को निष्प्रभावी कर दिया। इस दरम्यान, शिकायतकर्ता ने निर्वाचन याचिका वापस लेने के आवेदन (आई.ए.नं.4603/2012) को वापस लेने के लिए एक आवेदन (आई.ए.नं. 430/2015) दाखिल किया। उक्त अंतरिम आवेदनों पर बाद में उच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन याचिका वापस लेने के लिए शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल आवेदन (आई.ए.न.4603/2015) के साथ आदेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2015 के जरिए निर्णय लिया गया। उच्च न्यायालय ने उक्त आदेश में आवेदनों को खारिज कर दिया। इसके अलावा, दोनों पक्षकारों के काउंसेलों ने प्रस्तुत किया कि निर्वाचन याचिका की संधारणीयता अतिरिक्त मुद्दों की विरचना, उक्त याचिका में संशोधन और याचिकाकर्ता के प्रतिस्थापन के प्रश्नों से संबंधित कुछ शेष आवेदन, आई.ए.नं. 2009क 14727, 2009 का 13327, 2010 का 7629, 2010 का 7628 और 2014 का 6178, अभी भी लंबित थे। दोनों पक्षकारों (शिकायतकर्ता एवं प्रत्यर्थी) के काउंसलों द्वारा यह तर्क भी दिया गया कि यदि उस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा एसएलपी की अनुमति दी जाती है जिसमें निर्वाचन याचिका की संधारणीयता को चुनौती दी गई है तो निर्वाचन याचिका स्वत: ही खारिज हो जाएगी। इसलिए, इस अवस्था में उक्त लंबित आवेदनों पर निर्णय लेने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि कार्यवाहियां उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 05 जुलाई, 2010 के अनुपालन में पहले ही रोक दी गई हैं। तदुपरांत, उच्चतम न्यायालय ने यह कहते हुए आदेश दिनांक 26 जुलाई, 2016 पारित किया कि चूंकि इस मामले में प्रत्यर्थी (निर्वाचन याचिका में शिकायतकर्ता) के काउंसेल के प्रस्तुतीकरण के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा मामले में आवेदन वापस लेने पर कार्रवाई की गई थी (जिसे उच्च न्यायालय द्वारा वस्तुत: खारिज किया गया था जैसाकि ऊपर बताया गया है) इसलिए, एसएलपी निष्फल होने के नाते खारिज की जाती है। इसके अतिरिक्त,

एसएलपी के याचिकाकर्ता (प्रत्यर्थी) के लिए काउंसेल ने उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया कि उच्चतम न्यायालय का आदेश गलत प्रस्तुतीकरणों पर पारित किया गया था क्योंकि निर्वाचन याचिका वापस लेने का आवेदन उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2015 के जरिए खारिज किया गया था। प्रत्यर्थियों के काउंसेल ने कहा कि चूंकि एसएलपी शिकायतकर्ता के काउंसेल द्वारा प्रस्तुत गलत प्रस्तुतीकरणों के आधार पर खारिज की गई थी इसलिए, उच्च न्यायालय से यह भी अनुरोध किया गया कि निर्वाचन याचिका शिकायतकर्ता को इस बात की स्वतंत्रता दिए जाने के साथ खारिज कर दी जाए कि वह, उच्चतम न्यायालय द्वारा ऐसा निदेशित किए जाने की स्थिति में, निर्वाचन याचिका के पुन:प्रवर्तन के लिए आवेदन दे। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना की कि उसे आदेश दिनांक 26 जुलाई, 2016 के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में पुनर्विलोकन याचिका दाखिल करने और उच्चतम न्यायालय के आदेशों को रिकार्ड के लिए प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया जाए। 22 सितंबर, 2016 जो उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई की तारीख थी, को यह अभिनिर्धारित किया गया कि चूंकि शिकायतकर्ता द्वारा, जैसाकि उनके द्वारा पूर्व में प्रार्थना की गई थी, पुनर्विलोकन याचिका (आर.सी.नं.003970/2016) के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के आदेश नहीं प्रस्तुत किए जा सके इसलिए, निर्वाचन याचिका इस शर्त के अध्यधीन निपटाई जाती है कि यदि उच्चतम न्यायालय के समक्ष पुनर्विलोकन याचिका की अनुमति दी जाती है तो शिकायतकर्ता निर्वाचन याचिका के पुनरुज्जीवन के लिए उपयुक्त आवेदन देने के हकदार होंगे। उस याचिका की अंतिम परिणति ज्ञात नहीं है।

5. जहां तक आयोग द्वारा एमपीसीसी से प्राप्त शिकायत दिनांक 13 अप्रैल, 2009 का संबंध है, उसकी एक प्रति मुख्य निर्वाचन अधिकारी, (एतद्पश्चात्, "सीईओ"), मध्य प्रदेश को 29 अप्रैल, 2009 को, आयोग को सूचना देते हुए, आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अग्रेषित की गई थी लेकिन आयोग के पत्र दिनांक 29 अप्रैल, 2009 के संदर्भ में सीईओ, मध्य प्रदेश से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

6. शिकायतकर्ता से एक अनुवर्ती शिकायत दिनांक 5 जुलाई, 2009 प्राप्त हुई थी जिसमें प्रत्यर्थी द्वारा विभिन्न प्रकार के भ्रष्ट आचरणों का आरोप लगाया गया था। सीईओ, मध्य प्रदेश को पत्र दिनांक 24 जुलाई, 2009 के जरिए निम्नलिखित कार्रवाईयां करने के लिए कहा गया था।

क. 22-दतिया वि.स. के रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्यर्थी द्वारा गलत शपथ-पत्र दाखिल करने और एक डीजल वाहन, जिसे पुलिस स्टेशन, जिगना द्वारा जब्त किया गया था (मुद्दा शिकायत दिनांक 13 अप्रैल, 2009 और 5 जुलाई, 2009 में उठाया गया था), के स्वामित्व के तथ्य को छिपाने संबंधी मुद्दे पर, लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 125क के अंतर्गत आयोग द्वारा निर्गत अनुदेशों के आधार पर निर्णय लेने का निदेश देना। इस मामले में आयोग को सूचित करते हुए तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

ख. शराब एवं साड़ियों के वितरण के संबंध में प्रत्यर्थी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 और आईपीसी, 1860 की धारा 171ख के अंतर्गत दर्ज मुकदमों, आईपीसी, 1860 की धारा 153क, 188 और लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 125 के अंतर्गत दर्ज मुकदमों की वर्तमान वस्तुस्थिति प्रस्तुत करना;

ग. मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कमल प्रतीक के फोटो वाली मतदाता पर्चियों के कथित वितरण के संबंध में आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

7. आयोग के पत्र दिनांक 24 जुलाई, 2009 के उत्तर में सीईओ, म.प्र. से एक रिपोर्ट आयोग में 12 अगस्त, 2009 को प्राप्त हुई थी। डी.ई.ओ. दतिया की रिपोर्ट, जिसे सीईओ. म.प्र. द्वारा अग्रेषित किया गया था, के अनुसार सभी मामलों में विधि के अनुसार कार्रवाई की गई है और सभी मामले न्यायालय में विचाराधीन थे। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय के लेखे के संबंध में, डीईओ, दतिया की रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यर्थी ने निर्वाचन व्यय का अपना लेखा विहित समय के भीतर 6 जनवरी, 2009 को और विधि के अंतर्गत दी गई रीति से प्रस्तुत किया था जिसकी प्रेक्षक द्वारा समय-समय पर जांच की गई थी। लेखे में उल्लिखित हुआ व्यय 2,40,627 रु. था। तदुपरि, आयोग के पत्र दिनांक 26 अगस्त, 2009 में सीईओ, म.प्र. को

निदेश दिया गया कि वे ऊपर उल्लिखित न्यायालयीन मामलों में घटनाक्रम से आयोग को समय-समय पर अवगत कराते रहें।

8. तदुपरांत, आयोग को शिकायतकर्ता से निम्नलिखित मामलों के संबंध में एक और अभ्यावेदन दिनांक 18 अप्रैल, 2010 प्राप्त हुआ:

क. प्रत्यर्थी द्वारा उपगत व्यय का सही लेखा प्रस्तुत न करने के मामले में उसकी शिकायत पर विचार नहीं किया जाना।

ख. झूठा शपथ-पत्र दाखिल करना, अपने डीजल वाहन के अपने स्वामित्व के तथ्य को छिपाना। आयोग ने निर्णय लिया कि इस मामले में जांच शुरू की जानी चाहिए। आयोग द्वारा अपने पत्र दिनांक 12 अक्टूबर, 2010 के जरिए शिकायतकर्ता का अभ्यावेदन 18 अप्रैल, 2010 बाद में, सीईओ, म.प्र. को तत्काल विस्तृत जांच एवं रिपोर्ट हेतु अग्रेषित किया गया।

9. बाद में, शिकायतकर्ता से एक और शिकायत दिनांक 18 सितंबर, 2010 निम्नलिखित आरोप लगाते हुए प्राप्त हुई:

(i) यह कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय का लेखा डीईओ द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के अनुचित दबाव के अधीन, सही के रूप में, स्वीकृत किया गया था;

(ii) यह कि डा. नरोत्तम मिश्रा को अन्य मामलों में भी बचाया जा रहा है;

(iii) डी.ई.ओ. द्वारा भेजी गई रिपोर्ट सही नहीं थी;

(iv) यह कि उन्होंने आयोग को भेजी गई अपनी प्रारंभिक शिकायत दिनांक 9 अप्रैल, 2009 के साथ सभी संगत दस्तावेज और प्रमाणित सीडी भेजी थी लेकिन, दस्तावेजों, प्रमाणित सीडी और अनुबंधों की सूची के साथ मूल शिकायत आयोग के अभिलेख में नहीं मिल पा रही थी जिसने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न चिह्न लगा दिया।

10. यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि शिकायतकर्ता द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका सं. 2010 का 7553 (राजेन्द्र भारती बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य) दाखिल

की गई थी जिसमें भारत निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की प्रार्थना की गई थी कि वे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत जांच करें और निरर्हता के मुद्दे पर समयबद्ध तरीके से निर्णय लें। मामला उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित पड़ा रहा। आखिर, उच्च न्यायालय ने 28 जुलाई, 2016 को रिट याचिका पर न्यायनिर्णयण किया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि भारत निर्वाचन आयोग याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए निरर्हता के मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।

11. आयोग ने सीईओ, म.प्र. को संबोधित अपने पत्र दिनांक 26 नवंबर, 2010 के, जरिए शिकायतकर्ता की शिकायत में यथा-उल्लिखित समाचार-पत्र के सभी विज्ञापनों की मूल प्रतियों और सार्वजनिक रैलियों, सार्वजनिक बैठकों की सभी वीडियो रिकार्डिंग (यदि ली गई हो तो) की सीडी/डीवीडी की प्रमाणीकृत प्रति के साथ प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय के मूल लेखे की स्कैन की गई प्रतियों की मांग की।

12. शिकायतकर्ता ने एक बार फिर पिछली शिकायतों के अतिरिक्त निम्नलिखित आरोप लगाते हुए प्रत्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय का सही लेखा प्रस्तुत न करने के संदर्भ में लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत दाखिल अपनी शिकायत पर विचार न करने के विरुद्ध एक नया अभ्यावेदन दिनांक 14 मार्च, 2011 दाखिल किया:

क. यह कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय का सही लेखा दर्ज करने में विफल रहता है या गलत या असत्य लेखा दर्ज करता है तो वह आपराधिक मुकदमे के अलावा आयोग द्वारा लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत और उच्च न्यायालय में निर्वाचन याचिका के अंतर्गत भी अपने विरुद्ध कार्रवाई का सामना करने का भागी होता है। आयोग इस मामले में केवल इस आधार पर हस्तक्षेप करने से इंकार नहीं कर सकता कि मामला सिविल एवं आपराधिक न्यायालयों के समक्ष लंबित है। आयोग अपनी स्वयं की जांच करने के लिए कर्तव्य से बंधा हुआ है।

ख. आयोग एल.आर. शिवरामगौड़ा बनाम टी.एम. चन्द्रशेखर (एआईआर 1999 एससी 252) के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के दृष्टिगत अभ्यर्थी द्वारा दाखिल सही लेखे के संदर्भ में जांच करने के लिए पूरी तरह समर्थ है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य (दतिया कार्यालय से यथा-प्राप्त, समाचारपत्रों, टैरिफ कार्ड/दर सूचियों, फोल्डरों, कैलेंडरों और सीडी, डीईओ की मूल प्रतियां) प्रस्तुत की हैं।

ग. शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत की विचारणीयता के संदर्भ में एक अनुस्मारक भी प्रस्तुत किया था लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि आवेदक की मूल शिकायत दिनांक 09 अप्रैल, 2009 आयोग से गुम हो गई है।

घ. प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत लेखे के संदर्भ में कोई जांच नहीं की गई है और यह सूचित किया गया था कि लेखाधिकारी द्वारा लेखे का सत्यापन किया गया था जिसे प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत वास्तविक लेखा के संदर्भ में कोई भी जांच करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। डी.ई.ओ. दतिया ने भी रिपोर्ट, प्रत्यर्थी के प्रभाव में प्रस्तुत की थी।

ङ. प्रत्यर्थी के विरूद्ध जांच करने हेतु आयोग के दिनांक 12 अक्टूबर, 2010 के जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को लिखे पत्र के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई थी क्योंकि प्रत्यर्थी मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद पर हैं और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया(कलेक्टर, दतिया) का प्रत्यर्थी के साथ घनिष्ठ संबंध था।

च. यह प्रार्थना की गई कि इस मामले में अनिवार्य रूप से स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए थी क्योंकि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप यह दिखाने के लिए काफी थे कि निर्वाचनों में प्रत्यर्थी द्वारा कितनी राशि उपगत की गई है।

छ. दो वर्ष बीत चुके हैं और यदि अभी भी शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल की गई शिकायत पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो इसे निष्फल माना जाएगा।

13. आयोग द्वारा मांगी गई सभी सीडी उपलब्ध करवाने हेतु दिनांक 26 नवम्बर, 2010 के आयोग के पत्र के जबाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्य प्रदेश से दिनांक 17 मार्च, 2011 का पत्र आयोग में प्राप्त किया गया। परंतु उक्त पत्र में आयोग द्वारा मांगी गई समाचार पत्र की प्रतियां इस जवाब के साथ नहीं थी। इसी बीच, शिकायतकर्ता से एक अन्य पत्र प्राप्त हुआ जिसमें वर्ष 2008 के निर्वाचनों में प्रत्यर्थी द्वारा प्रकाशित कराए गए पोस्टर, कैलण्डर और फोल्डर संलग्न थे। आयोग ने दिनांक 04 मई, 2011 के अपने पत्र द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्य प्रदेश से 30 दिनों के अंदर प्रकाशन के संबंध में बनाए गए बिलों के साथ समाचार पत्रों के संपादकों से मूल रूप में समाचार पत्र का सुसंगत भाग प्राप्त करने को कहा ताकि आयोग द्वारा आगे की जांच की जा सके। शिकायतकर्ता की शिकायतों में उन्हीं कथित प्रकाशनों और एमपीसीसी, दोनों दिनांक 13 अप्रैल, 2009 की जिरोक्स प्रतियां पत्र के साथ संलग्न की गई थीं। यह भी कहा गया था कि शिकायतकर्ता ने आयोग के समक्ष अपनी शिकायत में 35 समाचार-पत्र विज्ञापनों के प्रकाशन के बारे में कहा था। आयोग द्वारा समाचार-पत्र और उनकी एजेंसियों के संपादकों से अपेक्षित सूचना एकत्र करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी को तैनात करने तथा निर्धारित समय में व्यक्तिगत रूप से उन्हें आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने संबंधी निदेश दिए थे।

14. इसी बीच शिकायतकर्ता से दिनांक 12 मई, 2011 का एक और पत्र प्राप्त किया गया जिसके साथ उसके द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया से प्राप्त 13 सीडी संलग्न की गई थीं जोकि दतिया निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2008 में निर्वाचनों के दौरान रिकॉर्ड की गई थीं।

आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्य प्रदेश को दिनांक 12 मई, 2011; 02जून, 2011; जून, 2011 को बहुत से अनुस्मारक भेजे और दिनांक 28 जून, 2011 को जिला निर्वाचन

अधिकारी, मध्य प्रदेश से प्रतिक्रिया संबंधी पत्र प्राप्त हुआ कि पांच समाचार पत्र एजेंसियों में से तीन-नामतः, आचरण ग्वालियर, नई दुनिया, ग्वालियर और दैनिक दतिया प्रकाश ने यह सूचना उपलब्ध कराई है कि समाचार मदों की भेजी गई प्रतियों के संबंध में उनके समाचार पत्र द्वारा कोई समाचार विज्ञापन प्रकाशित नहीं हुआ है और विचाराधीन समाचार पत्र कटिंग केवल न्यूज़ रिपोर्ट ही हैं। उनके समाचार पत्र द्वारा आचरण, ग्वालियर से पत्र, एजेंसी के 'हेड मॉडरेटर' द्वारा भेजा गया जबकि नई दुनिया और दैनिक दतिया प्रकाश से पत्र एजेंसी के संबंधित 'संपादक' द्वारा भेजा गया था। अन्य दो एजेंसियों ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

16. शिकायतकर्ता से दिनांक 28 मई, 2012 की एक नई शिकायत आयोग में प्राप्त हुई जिसमें सुसंगत समाचार पत्र एजेंसियों के रेट कार्ड/दरों सहित संदिग्ध पेड न्यूज के 40 मामलों की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने दैनिक भास्कर, नयी दुनिया, दैनिक दतिया प्रकाश और बीपीएन टाइम्स के समाचार पत्र पृष्ठों की मूल प्रतियां लगाई थी जिनमें प्रत्यर्थी के पक्ष में समाचारों का प्रकाशन किया गया था। समाचार मदों की फोटोकॉपी तथा दिनांक 15 नवंबर, 2008 को तथा 25 नवम्बर, 2008 को आचरण, समाचार पत्र में प्रकाशित फोटोग्राफ और प्रत्यर्थी के पक्ष में दिनांक 27 नवम्बर, 2008 को प्रकाशित अपील भी शिकायत के साथ संलग्न की गई थी। समाचार पत्र एजेंसियों द्वारा प्राप्त रेट कार्ड/दरों के आधार पर शिकायतकर्ता ने कहा है कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रकाशन पर 6,07,980/- रू का कुल व्यय किया गया था। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा है कि शिकायतकर्ता से आयोग द्वारा मांगी गई कथित प्रकाशन की मूल प्रतियों को आयोग के बार-बार निदेश देने के बावजूद भी जिला निर्वाचन अधिकारी दतिया और जन संपर्क अधिकारी द्वारा जान-बूझकर नहीं भेजा गया था।

17. आयोग से जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को दिनांक 20 जून, 2012 को पत्र भेजा गया था जिसमें निम्नलिखित ब्योरे मांगे गए थे:-

(i) (ii) और (iii) के (क), (ख) और (ग) में उल्लिखित मदों के संबंध में बिलों/वाउचरों की प्रमाणित प्रतियां;

(ii) क्या प्रत्यर्थी ने फोटो सहित अपनी अपील के प्रकाशन के संबंध में कोई राशि दिखाई है:

(क) 'दैनिक भास्कर', दिनांक 27 नवम्बर, 2008

(ख) 'आचरण', दिनांक 27 नवम्बर, 2008

(ग) 'दैनिक दतिया प्रकाश' दिनांक 27 नवम्बर, 2008,

(iii) क्या प्रत्यर्थी ने प्रेस द्वारा यथा प्रतिवेदित बैठक के खर्चे दिखाए हैं:

(क) 'दैनिक भास्कर', दिनांक 20 नवम्बर, 2008

(ख) 'नई दुनिया', दिनांक 18 नवम्बर, 2008

(ग) 'नई दुनिया', दिनांक 26 नवम्बर, 2008

(iv) क्या भिन्न-भिन्न समाचार पत्रों ने शब्दश: वही समाचार प्रकाशित करने के लिए कोई भुगतान प्रात किया है और संबंधित मीडिया हाउसेस ने प्रकाशक से प्राप्त कोई घोषणापत्र (उसके द्वारा हस्ताक्षरित) जमा कराया है तथा क्या यह दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित (लो.प्र.अधिनियम की धारा 127 के अधीन यथापेक्षित) किया गया है या नहीं।

18. जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया ने दिनांक 25 जुलाई, 2012 के अपने पत्र द्वारा उपरोल्लिखित मीडिया हाउसेज द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं, जिसमें उन सभी ने इस बात से इंकार किया था कि प्रकाशन के कोई भी बिल या वाउचर बनाए गए थे, के साथ प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल 2,40,827 रू. का व्यय विवरण भेजा था। मीडिया हाउसेज द्वारा दिए गए वक्तव्यों के ब्योरे निम्नलिखित अनुसार हैं:-

क्रम. सं.	दस्तावेज का नाम	संक्षिप्त विषय-वस्तु
1	**संपादक, आचरण** (एक्स-डी/7) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, को पत्र	इस कार्यालय ने डा० नरोत्तम मिश्रा के संबंध में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया है। अतः, संबंधित बिल की सत्यापित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।
2	**संपादक, दैनिक भास्कर**(एक्स-डी/8)से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र	डा० नरोत्तम मिश्रा ने न तो कोई विज्ञापन ही दिया है और न ही ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। अतः, संबंधित बिल की सत्यापित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।
3	**यूनाइटेड हेड, नई दुनिया** (एम्स-डी/9) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को पत्र	इस कार्यालय ने डा० नरोत्तम मिश्रा के संबंध में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया है। अतः, संबंधित बिल की सत्यापित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।
4	**जिला रिपोर्टर, बी.पी.एन टाइम्स** (एक्स-डी/10) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को पत्र	यह समाचार पत्र मई, 2011 से बंद हो गया है। अतः, किसी भी विज्ञापन के संबंध में कोई संबंधित भुगतान नहीं किया गया है।
5	**ब्यूरो चीफ, दैनिक भास्कर ग्वालियर** (एक्स-डी/11) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को पत्र	उपर्युक्त विषय के संबंध में कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।
6	**जिला रिपोर्टर, दैनिक आचरण, ग्वालियर** (एक्स-डी/12) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन	उपर्युक्त विषय के संबंध में कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

	अधिकारी, दतिया को पत्र	
7	**जिला रिपोर्टर, दैनिक नई दुनिया, ग्वालियर** (एक्स-डी/3) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को पत्र	उपर्युक्त विषय के संबंध में कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।
8	**एडिटर-इन-चीफ, दैनिक दतिया प्रकाश,दतिया** (एक्स-डी/14) से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को पत्र	उपर्युक्त विषय के संबंध में कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

19. रिकार्ड पर दस्तावेजों पर विचार करते हुए आयोग ने पेड न्यूज पर आयोग की राष्ट्रीय स्तरीय समिति (इसके पश्चात "समिति") की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है ताकि पेड न्यूज के उन 42 संदिग्ध मामलों की जांच की जा सके जो कि दैनिक भास्कर, नई दुनिया, आचरण, दैनिक दतिया प्रकाश तथा बीपीएन टाइम्स, ग्वालियर में प्रकाशित किए गए थे और शिकायतकर्ता द्वारा विभिन्न अभिवेदनों के माध्यम से आयोग के ध्यान में लाए गए थे। समिति में निम्नलिखित सदस्य थे:-

(i) श्री घनश्याम गोयल, अपर महानिदेशक, श्रव्य-दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार

(ii) श्री एस. मथियास, अपर महानिदेशक, (समाचार), आकाशवाणी

(iii) श्री नीरज बाजपेयी, वरिष्ठ संवाददाता (प्रेस कांउसिल ऑफ इंडिया द्वारा नामित)

(iv) श्री शंगारा राम, प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग

(v) श्री के. अजय कुमार, प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग

(vi) श्री के.एफ.विल्फ्रेड, प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग

(vii) श्री बर्नाड जॉन, सचिव, भारत निर्वाचन आयोग

(viii) सुश्री पद्मा आंगमो, उप सचिव, भारत निर्वाचन आयोग-संयोजक

समिति ने क्रमश: 05 और 12 सितम्बर, 2012 को अपनी बैठक आयोजित की। समिति ने निम्नलिखित विचाराधीन 42 पेड न्यूज़ मदों पर विचार किया:-

पेड न्यूज़ समिति द्वारा संवीक्षित कथित प्रकाशनों की सूची

क्रम सं.	समाचार मद की हेडलाइन	समाचार-पत्र का नाम	दिनांक
1.	"शक्ति प्रदर्शन में सबसे आगे रहे नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	08/11/08
2.	"...तो इसलिए सबसे अलग हैं : नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	09/11/08
3.	"दतिया का विकास नरोत्तम के हाथ"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	10/11/08
4.	"एक कदम और बढ़े नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	12/11/08
5.	"हर समाज का समर्थन नरोत्तम को"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	13/11/08
6.	"जनता के स्नेह से अभिभूत नरोत्तम	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	15/11/08
7.	"साठ दिन में बुझाई साठ साल की प्यास: नरोत्तम	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	16/11/08
8.	"रोजगार का सपना पूरा करेंगे नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	18/11/08
9.	"क्षेत्र की सुरक्षा पहली प्राथमिकता: नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	20/11/08
10.	"गुमराह करते रहे नेता: नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	20/11/08
11.	"श्री मिश्र के समर्थन में जनसैलाब उमड़ा"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	21/11/08
12.	"ये आम नहीं खास चुनाव है: नरोत्तम"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	22/11/08
13.	"क्षेत्र के विकास के लिए नरोत्तम मिश्रा की	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	23/11/08

	जीत जरूरी"		
14.	"दतिया भरेगा विकास की उड़ान: डा. नरोत्तम मिश्रा"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	24/11/08
15.	"दतिया में सिर्फ भाजपा की ही लहेर, नरोत्तम ही पहली पसंद"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	26/11/08
16.	"सबके दिल पर छा गये नरोत्तम मिश्रा"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	26/11/08
17.	"विकास की बात पर नरोत्तम मिश्रा से जुड़े मतदाता"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	27/11/08
18.	"विनम्र आग्रह" (Direct Appeal)	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	27/11/08
19.	"क्षेत्र का विकास ही एक मात्र मुद्दा : डॉ. नरोत्तम मिश्रा"	दैनिक भास्कर, ग्वालियर	27/11/08
20.	"...तो इसलिए सबसे अलग हैं : नरोत्तम"	नई दुनिया, ग्वालियर	11/11/08
21.	"जनता के स्नेह से अभिभूत नरोत्तम"	नई दुनिया, ग्वालियर	15/11/08
22.	"भाजपा ही करा सकती है दतिया का विकास"	नई दुनिया, ग्वालियर	16/11/08
23.	साठ दिन में बुझाई साठ साल की प्यास नरोत्तम"	नई दुनिया, ग्वालियर	17/11/08
24.	"भाजपा जो कहती है वो करती है: मिश्रा"	नई दुनिया, ग्वालियर	18/11/08
25.	"समाज का हित सर्वोपरि"	नई दुनिया, ग्वालियर	18/11/08
26.	"क्षेत्र की सुरक्षा पहली प्राथमिकता नरोत्तम"	नई दुनिया, ग्वालियर	20/11/08
27.	"डॉ. मिश्रा के समर्थन में जनसैलाब उमड़ा"	नई दुनिया, ग्वालियर	21/11/08
28.	"ये आम नहीं खास चुनाव है: नरोत्तम"	नई दुनिया, ग्वालियर	22/11/08

29.	"दतिया का विकास नरोत्तम की प्राथमिकता"	नई दुनिया, ग्वालियर	24/11/08
30.	"दतिया भरेगा विकास की उड़ान डॉ. नरोत्तम मिश्रा"	नई दुनिया, ग्वालियर	25/11/08
31.	"दतिया से नरोत्तम की जीत लगभग सुनिश्चित"	नई दुनिया, ग्वालियर	26/11/08
32.	'दतिया का विकास और आमजन की सुरक्षा ही मेरा ध्येय: डॉ. मिश्रा"	नई दुनिया, ग्वालियर	26/11/08
33.	"नरोत्तम की जीत से होगा दतिया का विकास" (Direct Appeal)	नई दुनिया, ग्वालियर	27/11/08
34.	"डॉ. मिश्रा के समर्थन में जनसैलाब उमड़ा"	बी.पी.एन. टाइम्स, ग्वालियर	21/11/08
35.	"दतिया में नरोत्तम ने चुनावी समीकरण को किया अपने पक्ष में"	बी.पी.एन. टाइम्स, ग्वालियर	25/11/08
36.	"दतिया में सिर्फ भाजपा की लहेर, नरोत्तम ही पहली पसंद"	बी.पी.एन. टाइम्स, ग्वालियर	26/11/08
37.	"तो इसलिए सबसे अलग हैं : नरोत्तम"	आचरण, ग्वालियर	15/11/08
38.	"दतिया भरेगा विकास की उड़ान डॉ. नरोत्तम मिश्रा"	आचरण, ग्वालियर	25/11/08
39.	"विकास की बात पर स्वत: जुड़ रहे हैं नरोत्तम से मतदाता"	आचरण, ग्वालियर	27/11/08
40.	"डॉ. मिश्रा के समर्थन में कुशवाहा समाज सड़कों पर"	दैनिक दतिया प्रकाश	27/11/08
41.	"दतिया में भाजपा की लहेर: नरोत्तम बने पहली पसंद"	दैनिक दतिया प्रकाश	26/11/08

42.	"मतदाता बंधुओं से नम्र निवेदन" (Direct Appeal)	दैनिक दतिया प्रकाश	27/11/08

दैनिक भास्कर, नई दुनिया, आचरण, दैनिक दतिया प्रकाश और बीपीएन टाइम्स, ग्वालियर के कथित 42 पेड न्यूज़ मदों/लेखों में प्रत्येक की संवीक्षा करने पर समिति द्वारा निम्नलिखित टिप्पणियां की गई:

(i) विचाराधीन मद लगभग रोज ही पांच समाचार पत्रों में 08 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2008 तक प्रकाशित हुई थी।

(ii) समाचार मद में केवल डा० नरोत्तम मिश्रा के संबंध में ही सूचना थी और उनके पक्ष में अधिकता से दिखाई गई थीं। उन क्लिपिंग्स में महत्वपूर्ण लेख और अपीलें थीं। न्यूज़ मदें न्यूज़ रिपोर्ट की बजाए अभ्यर्थी के लिए निर्वाचन विज्ञापन अधिक प्रतीत हो रही थीं।

(iii) 15 नवम्बर को आचरण में, 11 नवम्बर को नई दुनिया तथा 09 नवम्बर को दैनिक भास्कर में एक ही शीर्षक के साथ एक विशेष समाचार दिखाई पड़ा और न्यूज मद की विषय वस्तु शब्दश: वही थी।

(iv) न्यूज़ मदों के शीर्षक थे- 'विकास के लिए डॉ.नरोत्तम मिश्रा की जीत जरूरी' 'नरोत्तम ही पहली पसंद', दतिया में नरोत्तम की जीत लगभग सुनिश्चित' -ये डॉ. नरोत्तम मिश्रा का प्रचार करने के लिए प्रकाशित किए गए थे।

(v) लगभग सभी न्यूज मद रिपोर्टर के नाम के बिना ही प्रकाशित किए गए थे। ज्यादातर मदों के कोने पर 'भास्कर इम्पेक्ट' या 'इलेक्शन स्पेशल सीरिज़', या 'इम्पेक्ट फीचर' लिखा हुआ था।

(vi) लेखों में किसी विपक्षी अभ्यर्थी, या उसके अभियान का संदर्भ नहीं दिया गया था और इसकी कोई विषय-सूची भी नहीं थी जो कि संतुलित परिपेक्ष्य दे पाती।

समिति इस संबंध में सहमत थी कि 42 न्यूज मदें/लेख पक्षपातपूर्ण, एक पक्षीय थे और अभ्यर्थी(डा०नरोत्तम मिश्रा) की संभावनाओं को प्रोत्साहित करने की ओर लक्षित थे। कुछ प्रतिवेदित मदें प्रत्यक्ष रूप से अपील थीं, जबकि अन्य अभ्यर्थी के पक्ष में विज्ञापन प्रतीत हो रही थीं। विस्तृत चर्चा और मामले के सभी पहलुओं की जांच के पश्चात समिति इस निर्णय पर पहुंची कि विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित लेख/मदें सरोगेट विज्ञापन प्रतीत होती हैं और पेड न्यूज़ की विद्यमान परिभाषा, जो कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दी गई है, के अधीन लिए जाने के लिए उपयुक्त है अर्थात् "नकदी या पारितोषिक के रूप में कीमत के लिए किसी भी मीडिया (प्रिंट या इलेक्टॉनिक) में दिखाई पड़ने वाली कोई भी खबर या विश्लेषण"।

20. पेड न्यूज पर समिति की उपर्युक्त रिपोर्ट परं विधिवत रूप से विचार करने के पश्चात आयोग ने इसे आगे की जांच हेतु उपयुक्त मामला पाया। तद्नुसार, आयोग ने निर्वाचन का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप-नियम (5) के अधीन प्रत्यर्थी को दिनांक 15 जनवरी, 2013 को कारण बताओ नोटिस जारी किया जिसमें निम्नलिखित अनुसार कहा गया था:

"यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 15 के अधीन राज्य के राज्यपाल द्वारा मध्य प्रदेश विधान सभा के साधारण निर्वाचन की अपेक्षा की गई थी; और

यतः, आपने 22-दतिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उक्त साधारण निर्वाचन में निर्वाचन लड़ा था; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की धारा 77(1) के अधीन निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह निर्वाचन की घोषणा की तारीख और नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की तारीख के बीच अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगत निर्वाचन के संबंध में सभी व्यय का अलग और सही लेखा रखे; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अधीन अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के अंदर धारा 77 के अधीन उसके द्वारा रखे गए लेखों की सही प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल करे:, और

यतः, आपने दिनांक 06 जनवरी, 2009 को जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया को अपने व्यय लेखे दाखिल कर दिए थे; और

यतः, यह देखा गया है कि 42 (बयालीस) न्यूज मदें/लेख जो कि 08से 27 नवम्बर, 2008 को चार समाचार पत्रों नामतः दैनिक भास्कर, नई दुनिया, आचरण और दैनिक दतिया प्रकाश में लगभग रोज ही दिखाई देते थे, न्यूज़ रिपोर्ट से अधिक आपके पक्ष में निर्वाचन विज्ञापन अधिक प्रतीत होते थे; और

यतः, आयोग द्वारा गठित पेड न्यूज़ पर समिति द्वारा 42 न्यूज़ मदों/लेखों की संवीक्षा की गई; और

यतः, विस्तृत चर्चा के बाद और मामले के सभी पहलुओं की जांच करने के पश्चात उक्त समिति इस निर्णय पर पहुंची है कि ये लेख/मद जो कि समाचार के रूप में विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रतीत होते हैं और जो 'पेड न्यूज' की परिभाषा के अंतर्गत आने की योग्यता रखते हैं: अर्थात् 'ऐसी कोई खबर या विश्लेषण जो पारितोषिक या नकदी के लिए किसी भी मीडिया (प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक) में प्रकाशित की जाए'; और

यतः, दिनांक 12 सितम्बर, 2012 को पेड न्यूज़ पर समिति की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति और 42 सुसंगत न्यूज मदों/लेखों की प्रतियां इस नोटिस के साथ एतद्द्वारा संलग्न हैं; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अधीन जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया द्वारा भेजे गए निर्वाचन व्यय के उक्त लेखे के अवलोकन पर यह पाया गया कि पेड न्यूज की प्रकृति में इन विज्ञापनों के जारी करने पर उपगत व्यय को लो.प्र.अधिनियम,

1951 की धारा 78 के अधीन जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया के पास दाखिल और लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 77 के अधीन रखे गए निर्वाचन व्यय के उक्त लेखों में प्रतिबिंबित नहीं किया गया; और

अतः, अब निर्वाचन का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप-नियम(5) के अधीन निर्वाचन आयोग आपको एतद्द्वारा कारण बताओ नोटिस देता है कि आपको विधि द्वारा अपेक्षित तरीके से निर्वाचन व्यय के अपने लेखे दाखिल करने में असफल रहने के कारण और विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों के लिए व्यय को छिपाने/ अवमूल्यन करके अपने निर्वाचन व्यय के सही लेखे दाखिल न करने और विधि द्वारा यथापेक्षित तरीके से अपने निर्वाचन व्यय के सही एव सटीक लेखे रखने में असफल रहने पर क्यों न निरर्हित घोषित कर दिया जाए।

आपके द्वारा उपर्युक्त चूक के कारणों को लिखित में स्पष्ट किया जाना चाहिए और यह इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 20 दिनों के अंदर आयोग में पहुंच जाना चाहिए।

यदि आप निर्धारित अवधि में ऐसा करने में असफल रहते हैं तो आयोग द्वारा आपको आगे सूचित किए बिना आयोग के निरर्हता आदेश की घोषणा की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन या किसी राज्य/संघ शासित क्षेत्र की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुने जाने या होने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन निर्हर होने का भागी माना जाएगा।

लो.प्र.अधिनियम, 1951 की धारा 10क, 77 और 78 के उद्धरण तथा निर्वाचन का संचालन नियम, 1961 का नियम 86 और 89 के नियम संलग्न हैं। आयोग आपको, यदि आप ऐसा चाहते हैं तो, तीन कार्य-दिवसों का पूर्व नोटिस देकर, सुसंगत दस्तावेजों/फाइलों का निरीक्षण, करने का अवसर दे सकता है।

"भारत निर्वाचन आयोग की मोहर के अधीन 15 जनवरी, 2013 को जारी किया गया"

1. आयोग के कारण बताओं नोटिस के जवाब में प्रत्यर्थी ने अपना पहला जवाब दिनांक 28 जनवरी, 2013 को दाखिल किया जिसमें उन्होंने कहा कि जिस दस्तावेज/समाग्री के आधार पर उन्हें नोटिस जारी किया गया था, वह उन्हें नहीं दिया गया था। अपने जवाब में उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें उक्त दस्तावेज/सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि वे नोटिस के संबंध में पूर्ण और प्रभावी जवाब दाखिल कर सकें। तद्नुसार, आयोग द्वारा प्रत्यर्थी को दिनांक 01 मार्च, 2013 को एक पत्र भेजा गया जिसमें उनसे और प्रतिक्रिया मांगी गई और उन्हें आयोग के रिकॉर्ड में सभी सुसंगत फाइलों की जांच के अवसर की अनुमति भी दी गई। इसके अतिरिक्त, प्रत्यर्थी द्वारा उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस के संबंध में निम्नलिखित अनुसार कुछ प्रारंभिक आपत्तियां उठाई गईं:

(i) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया कि वर्तमान मामले में जांच करने की प्राथमिक अपेक्षा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (2) के अधीन डीईओ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर आधारित थी जो कि नीचे फिर से प्रस्तुत की गई है:

"(2) जहां जिला निर्वाचन अधिकारी की यह राय है कि किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय का लेखा इस अधिनियम और इन नियमों द्वारा अपेक्षित रीति में दाखिल नहीं किया गया है वहां हर ऐसी रिपोर्ट के साथ उस अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के लेखों और उसके साथ दाखिल वाउचरों को निर्वाचन आयोग भेजेगा"

उपर्युक्त उप-नियम के अंतर्गत प्रतिकूल रिपोर्ट जमा होना एक पूर्वापेक्षा है जबकि वर्तमान मामले में ऐसा नहीं है। अत:, कारण बताओं नोटिस करना सीईआर, 1961 के नियम 89 के विपरीत है।

(ii) वर्तमान मामले में आयोग द्वारा स्वयं से जांच नहीं की जा सकती क्योंकि यह डीईओ की प्रतिकूल रिपोर्ट पर आधारित होती है।

(iii) लेखों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप लेखों को दाखिल करने के बाद से ही उठाया गया परंतु लेखों को दाखिल करने के 4 वर्ष बाद भी आयोग द्वारा अपने ज्ञान से कोई

जांच शुरू नहीं की गई। अब आयोग द्वारा प्रारंभ की गई यह जांच अत्यन्त विलम्बित हो चुकी है और इस विलंब के कारण स्मृति फीकी पड़ चुकी है जो कि प्रत्यर्थी के लिए हानिकर होगी।

(iv) निर्वाचन विधि इस बात पर जोर डालती है कि किसी निर्वाचित अभ्यर्थी को कुर्सी से हटाने के लिए आरोपों को स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए और यह बिल्कुल सही तरीके से भी साबित किया जाना चाहिए कि ये अभ्यर्थी अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता या निर्वाचित अभ्यर्थी की सहमति से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किए गए हैं। पेड न्यूज पर वर्तमान नोटिस आयोग की धारणा और अनुमान के आधार पर जारी किया गया है। अतः, जांच शुरू करना विधि की नीति के अनुरूप नहीं होगा।

(v) जांच आरंभ करने के लिए गठित पेड न्यूज पर समिति की रिपोर्ट के आधार पर नोटिस जारी किया गया, नोटिस किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए सूचना के स्रोत का खुलासा नहीं करता जो कि समिति द्वारा पहुंचे गए निष्कर्ष की महत्वपूर्ण कमी है और किसी भी मामले में ऐसी कोई रिपोर्ट जांच शुरू करने का आधार नहीं हो सकती है। इस आधार पर नोटिस को रद्द करवा अपेक्षित है।

22. इसके पश्चात प्रत्यर्थी ने 22 मई, 2013 को आयोग में फाइलों का निरीक्षण किया और उसने उसके द्वारा मांगे गए सुसंगत दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त कीं। बचे हुए आगे के निरीक्षण के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा पुनः अनुरोध करने पर उन्होंने 16 जुलाई, 2013 को फाइलों का दूसरा और अंतिम निरीक्षण किया।

23. इसके पश्चात, आयोग ने दिनांक 19 जुलाई, 2013 के अपने पत्र द्वारा प्रत्यर्थी से आयोग के दिनांक 15 जनवरी, 2013 के नोटिस का दिनांक 30 जुलाई, 2013 तक जवाब प्रस्तुत करने को कहा। तत्पश्चात, प्रत्यर्थी द्वारा आयोग के नोटिस का अंतिम जवाब आयोग में 29 जुलाई, 2013 को प्राप्त किया गया जिसमें निम्नलिखित निवदेन थे:

(i) प्रत्यर्थी को नोटिस इस बात पर विचार किए बिना जारी किया गया है कि क्या ऐसा करने के लिए प्रथम दृष्टया मामला मौजूद है क्योंकि नोटिस, पेड न्यूज पर गठित समिति की रिपोर्ट पर ही आधारित है और न कि आयोग द्वारा स्वयं किए गए जांच परिणामों पर। इसके

अतिरिक्त समिति की रिपोर्ट यह कहीं भी नहीं दिखाती कि नोटिस प्राप्तकर्ता कहीं भी विचाराधीन न्यूज मदों के प्रकाशन में शामिल था। यह एक सामान्य सी बात है कि निर्वाचन में विपक्षी दल भी हार की आशंका से अभ्यर्थी के साथ शरारत करते हैं, वे ऐसी परिस्थिति पैदा कर देते हैं और परिणामों की घोषणा के पश्चात निर्वाचन को चुनौती देने के लिए ऐसी सामग्री एकत्र कर लेते हैं। आयोग के इस समाधान की रिकॉर्डिंग के बिना ही कि प्रत्यर्थी के विरूद्ध की गई कार्रवाई आवश्यक है, नोटिस जारी किया गया है।

(ii) वह दूसरा आधार जिस पर नोटिस भेजा गया था, कुछ समाचार पत्र रिपोर्टें (ए आई आर 1969 एस सी 1201 एस.एन. बालाकृष्णा बनाम फर्नांडीस तथा ए आई आर 1994 एस सी 1733 कमरूल इस्लाम बनाम एस.के. कान्ता में उच्चतम न्यायालय द्वारा यथा निर्धारित) थीं, जो प्रमाण के रूप में तब तक स्वीकार्य नहीं हैं जब तक कि संबंधित समाचार पत्र से पांडुलिपि प्राप्त नहीं कर ली जाए।

(iii) निर्वाचन आयोग की नोट-शीट पर विचार करने पर, आयोग में भ्रम की स्थिति थी कि नोटिस दिए जाने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाए या नहीं।

(iv) नोटिस एवं कार्रवाई में काफी विलम्ब हुआ है और उपयुक्तता यह अपेक्षा करती है कि आगामी निर्वाचनों से ठीक पहले कोई कार्रवाई नहीं की जाए।

(v) याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय में इसी विषय वस्तु पर एक समानांतर कार्यवाही शुरु की गई थी। यदि जांच निर्वाचन आयोग द्वारा आरंभ की जाए तो परस्पर विरोधी निर्णयों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यह भी कि, एक से अधिक कार्यवाहियां ना तो पक्षकार के हित में है, और न जनता के हित में (राम सुमेर बनाम मध्य प्रदेश राज्य 1985(1) एस सी सी 427 में यथा-निर्धारित)।

(vi) ए आई आर 1999 एस सी 252 एल.आर. शिवरामगौड़ा बनाम टी.एम. चंद्रशेखर के मामले के अनुसार, शिकायत में इस प्रकार की सूचना होनी चाहिए कि समाचार-पत्र में पेड-न्यूज अंतर्विष्ट थे और समाचार-पत्र आम जनता के उद्देश्य से निर्वाचन-क्षेत्र में परिचालित किए गये थे। यह भी कि, इसमें यह दर्शाने के लिए पर्याप्त सामग्री अवश्य होनी चाहिए कि समाचार

मुद्रित किया गया था और निर्वाचित अभ्यर्थी ऐसे समाचारों का स्रोत था। जब तक इसे दर्शाया नहीं जाता है, समाचारों का प्रकाशन मात्र अभ्यर्थी के लिए किसी काम का नहीं है। ऐसे आरोपों के नहीं होने पर नोटिस अभिखंडित किए जाने योग्य है।

(vii) पेड न्यूज के प्रकाशन के स्वरूप के विषय में किसी शिकायत का पता नहीं चला या प्रेक्षक अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी से उसकी शिकायत नहीं की गई।

(viii) प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों, सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों तथा सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को जारी किए गए निदेशों के बावजूद कोई भी, कोई भी समाचारों का संज्ञान नहीं ले रहा था और सभी लोगों ने समाचारों को रूटीन समाचार के रूप में माना। 8 जून, 2010 को एक परिपत्र जारी किया गया था जिसमें पेड न्यूज का ध्यान रखा गया था और जिला समिति से अपेक्षा की गई थी कि वे निर्वाचन समाचारों पर नजर रखें। इनके बावजूद, उस निर्वाचन, जिसमें संगत विवाद उत्पन्न हुआ है, के समय कार्यरत जिला समिति ने यह नोटिस नहीं किया कि अभिकथित समाचार को पेड न्यूज के रूप में माना जाए।

(ix) यह प्रस्तुत किया जाता है कि ऐसे आरोप से पुरजोर तरीके से इंकार किया जाता है कि प्रत्यर्थी द्वारा समाचार रिपोर्टों के प्रकाशन में कोई पैसा खर्च किया गया। और विवादों के विवरण दस्तावेजों के प्राप्त होने और प्रारंभिक जवाब पर विचार किए जाने के बाद प्रस्तुत किए जाएंगे।

(x) अतः, यह प्रार्थना की जाती है कि नोटिस कृपया वापस लिया जाए और कार्यवाहियां बंद की जाएं।

24. साथ ही साथ, प्रत्यर्थी द्वारा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर पीठ में एक रिट याचिका सं. 6023/2013 दाखिल की गई थी, जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें जारी किए गए नोटिस की विधिमान्यता के साथ-साथ तथा आयोग की समर्थता को भी चुनौती दी गई थी। आयोग की कार्यवाहियों पर 29 अगस्त, 2013 को उच्च न्यायालय के एक आदेश द्वारा रोक लगाई गई जो बाद में दिनांक 9

अक्तूबर, 2013 के आदेश द्वारा निष्प्रभावी हो गई। बाद में, उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 28 जुलाई, 2016 के एक आदेश द्वारा याचिका का, आयोग को इस निदेश के साथ निपटान किया गया कि वे प्रत्यर्थी द्वारा आयोग के समक्ष दाखिल किए गए वादकालीन आवेदनों पर यदि पहले से ही निर्णय नहीं लिया गया है, तो इस आदेश की सत्यापित प्रति के प्राप्त होने की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर निर्णय लें और विवाद में समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने के लिए आगे बढ़ें ताकि तंत्र में वादी का विश्वास बना रहे।

25. एक रिट याचिका सं. 3512/2011 राधा मोहन सोनी द्वारा भी 21 मई, 2011 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर पीठ के समक्ष दाखिल की गई जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अधीन यथा-दाखिल धारा 77(1) तथा 77(2) के अधीन किसी अभ्यर्थी द्वारा बनाए रखे गए निर्वाचन व्यय की विवरणी की कथित अशुद्धता अथवा असत्यता की गहराई से जांच करने के, आयोग के अधिकार-क्षेत्र को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन चुनौती दी गई थी। इस मामले में याचिकाकर्ता को एक अंतरिम राहत दी गई थी जिसका प्रभाव यह हुआ कि आयोग के समक्ष प्रत्यर्थी के विरुद्ध कार्यवाहियां रुक गईं। बाद में, उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि याचिकाकर्ता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10(क) के अधीन निरर्हता के मामले पर निर्णय लेने के लिए आयोग के अधिकार क्षेत्र के संबंध में इस रिट याचिका में उठाए गए मुद्दे को आयोग के समक्ष उठाए और जिस पर उक्त प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

26. इस दरम्यान, प्रत्यर्थी के उत्तर पर विचार करने के पश्चात, आयोग ने 22 अक्तूबर, 2013 को सुनवाई के लिए पक्षकारों को बुलाने का निर्णय लिया। उक्त सुनवाई के पश्चात् जहां प्रत्यर्थी ने सुनवाई के आस्थगन के लिए अनुरोध किया, वहीं शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल निर्वाचन याचिका के लंबित होने और इसी प्रकार के मामलों के न्यायालयों के समक्ष विचाराधीन होने के आधार पर आयोग के समक्ष कार्यवाहियों को समाप्त करने के लिए एक आवेदन दाखिल किया। उन्होंने पेड-न्यूज समिति की दिनांक 05 सितंबर, 2012 की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति उपलब्ध कराने के लिए पुन: एक आवेदन दाखिल किया ताकि वे उन्हें जारी किए गए नोटिस

का उचित एवं पूर्ण रिस्पांस उपलब्ध करा सकें। उन्होंने पेड-न्यूज समिति के सदस्यों की प्रतिपरीक्षा करने के लिए अवसर दिए जाने के लिए भी आवेदन दाखिल किया। प्रत्यर्थी ने, साथ ही साथ, दिनांक 09 अक्तूबर, 2013 की रिट याचिका सं. 6023/2013 में उच्च न्यायालय की एकल पीठ के आदेश, जिसके द्वारा उच्च न्यायालय ने आयोग के समक्ष कार्यवाहियों पर रोक को निष्प्रभावी कर दिया था, को चुनौती देते हुए रिट अपील सं. 486/2013 दाखिल की। उक्त रिट अपील सं.486/2013 में उच्च न्यायालय के डिवीजन बैंच द्वारा एक अंतरिम आदेश दिनांक 11 अक्तूबर 2013 पारित किया गया जिसमें उच्च न्यायालय की एकल बैंच को इस बात की स्वतंत्रता दी गई कि वह रिट याचिका सं.6023/2013 में गुण-दोष के आधार पर निर्णय ले और रिट अपील में प्रत्यर्थियों के साथ आयोग को भी इस बात की स्वतंत्रता दी गई कि वे उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 11 अक्तूबर 2013 के संशोधन के संबंध में उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। तब प्रत्यर्थी ने 22 अक्तूबर, 2013 की सुनवाई वापस करने के लिए आयोग के समक्ष एक आवेदन दाखिल किया। उन्होंने अपने मामले के साथ-साथ पेड न्यूज से संबंधित अन्य मामलों के सूचीयन के लिए भी आवेदन दाखिल किया। उन्होंने पेड-न्यूज समिति के गठन तथा इसकी कार्यवाही, जो 12 सितंबर, 2012 को हुई थी, के बारे में आपत्ति दाखिल की। उन्होंने 22 अक्तूबर, 2013 यानि सुनवाई की तारीख को ही आयोग में निर्धारित सुनवाई के आस्थगन के लिए पुन: एक आवेदन दाखिल किया और रिट अपील सं. 486/2013 में उच्च न्यायालय के दिनांक 11 अक्तूबर, 2013 के आदेश के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में एस एल पी दाखिल करने के लिए समय देने की प्रार्थना की।

27. दूसरी तरफ, शिकायतकर्ता ने प्रत्यर्थी के विरुद्ध अपनी शिकायत के शीघ्र निपटान के लिए एक आवेदन दिनांक 22 अक्तूबर, 2013 दाखिल किया। शिकायतकर्ता ने प्रत्यर्थी को मध्य प्रदेश की विधान सभा के वर्ष 2013 के निर्वाचनों में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का आवेदन भी दाखिल किया था। आयोग ने आगे 18 नवंबर, 2013 को सुनवाई तय की। प्रत्यर्थी ने मध्य प्रदेश में 25 नवम्बर, 2013 को निर्धारित निर्वाचनों को ध्यान में रखते हुए सुनवाई की तारीख स्थगित करने के लिए 01 नवम्बर, 2013 को और एक आवेदन दाखिल किया। तब, आयोग ने

29 नवम्बर, 2013 को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की। प्रत्यर्थी ने उनके द्वारा दाखिल एस एल पी सं. 035006/2013, जो 29 नवम्बर, 2013 को ही उच्चतम न्यायालय में सुनवाई किए जाने के लिए सूचीबद्ध की गई थी, को ध्यान में रखते हुए, सुनवाई को आस्थगित करने के लिए सुनवाई की तारीख अर्थात् 29 नवम्बर, 2013 को ही पुन: एक आवेदन दाखिल किया। प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल की गई एस एल पी 14 अक्तूबर, 2014 को उच्चतम न्यायालय द्वारा यह कहते हुए अंतिम रूप से निपटान कर दिया गया कि आयोग को, अशोक शंकर राव चव्हाण के मामले (ए आई आर 2014 एस सी 310) में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का अनुसरण करते हुए, प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल किए गए निर्वाचन व्यय के लेखे की यथातथ्यता की जांच करने की शक्ति प्राप्त है।

28. तब, आयोग ने 22 अक्तूबर 2013, 29 नवंबर 2013, 8 सितंबर 2014, 11 नवंबर 2014, 2 फरवरी 2015, 12 फरवरी 2015, 10 मार्च 2015, 9 जुलाई 2015, 15 जुलाई 2015, 27 जुलाई 2015, 16 सितंबर 2015, 26 अक्तूबर 2015, 30 नवम्बर 2015, 23 दिसम्बर 2015, 21 जनवरी 2016, 13 अप्रैल 2016, 26 मई 2016, 08 अगस्त 2016, 24 अगस्त 2016, 6 सितम्बर 2016, 21 अक्तूबर 2016, 28 नवम्बर 2016, 9 जनवरी 2017 तथा 17 मार्च 2017 को दोनों पक्षकारों के लिए विस्तृत सुनवाईयां संचालित की। 8 सितम्बर, 2014 को सुनवाई के दिन, आयोग ने दोनों पक्षकारों के विद्वान अधिवक्ताओं के परामर्श से निम्नलिखित मुद्दे विरचित किए:

i. क्या दतिया निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न समाचार पत्रों, नामत: दैनिक भास्कर, नई दुनिया, दैनिक दतिया प्रकाश, आचरण ग्वालियर तथा बी.पी.एन. टाइम्स में प्रकाशित समाचार लेख, प्रत्यर्थी का फोटोयुक्त 'अपील', विज्ञापन आदि प्रत्यर्थी के निर्वाचन से जुड़े "पेड न्यूज"/विज्ञापनों के सदृश हैं?

ii. क्या कथित प्रकाशनों पर व्यय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 के अर्थ के भीतर या तो प्रत्यर्थी द्वारा या उनके निर्वाचन एजेंट द्वारा या प्रत्यर्थी या उनके

निर्वाचन एजेंट की प्रत्यक्ष या निहित सहमति या जानकारी से उपगत/प्राधिकृत किया गया है।

iii. क्या ऐसे प्रकाशनों में उपगत/प्राधिकृत व्यय प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल किए गए निर्वाचन व्यय लेखे में शामिल है?

iv. क्या प्रत्यर्थी विधि द्वारा यथाअपेक्षित तथा विधि के अधीन निर्वाचन व्यय का सत्य एवं सही लेखा दाखिल करने में असफल रहा है?

v. क्या प्रत्यर्थी के पास विधि के अधीन यथापेक्षित रीति से अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में ऐसी असफलता के लिए उचित कारण या औचित्य है?

vi. क्या प्रत्यर्थी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 तथा 78 के साथ पठित धारा 10क के अधीन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरर्हित घोषित किए जाने का भागी है।

29. 26 मई, 2016 को प्रत्यर्थी ने अपने बचाव में पूछताछ करवाए जाने के लिए 18 साक्ष्यों की एक सूची प्रस्तुत की। सम्यक विचार करने पर, आयोग ने पाया कि उन साक्ष्यों (प्रत्यर्थी सहित) में से केवल 4 के प्रमाण संगत हैं। शिकायकर्ता ने प्रस्तुत किया कि अपने मामले के समर्थन में अकेले वे पूछताछ करवाना चाहेंगे। तदनुसार, उपर्युक्त साक्ष्यों के प्रमाण 9 जुलाई 2015, 15 जुलाई 2015, 27 जुलाई 2015, 16 सितम्बर 2015, 26 अक्टूबर 2015, 30 नवम्बर 2015, 23 दिसम्बर 2015, 21 जनवरी 2016, 13 अप्रैल 2016, 26 मई 2016, 08 अगस्त 2016, 24 अगस्त 2016, तथा 6 सितम्बर 2016 को दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में अभिलिखित किए गए क्योंकि दोनों पक्षकारों के काउंसेलों द्वारा उनकी विस्तारपूर्वक प्रतिपरीक्षा की गई।

30. आयोग द्वारा प्रत्यर्थी द्वारा उठाए गए प्रश्न पर निर्णय लेने के लिए एक अंतरिम आदेश दिनांक 18 मार्च, 2015 पारित किया गया कि क्या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल शिकायत पर आधारित कार्यवाही सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 10 के दृष्टिगत रोके जाने के लिए उपयुक्त है क्योंकि निर्वाचन

याचिका सं.26/2009 उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थी। सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 10 के दृष्टिगत आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि उपबंध की भाषा से यह संकेत मिलता है कि यह सिविल न्यायालय में संस्थापित सिविल वाद में भेजे जाने योग्य है और इसे किसी अन्य संविधि के अधीन संस्थापित अन्य स्वरूप की कार्यवाहियों पर लागू नहीं किया जा सकता। एक निर्वाचन याचिका न तो एक सिविल वाद होता है और न ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत कार्यवाही को सिविल कार्यवाही कहा जा सकता है। साथ ही, अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम ईसीआई एवं अन्य के मुकदमे में निर्णय, जिसमें यह धारित किया गया था कि उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित निर्वाचन याचिका और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत कार्यवाही दो पृथक् एवं स्वतंत्र कार्यवाहियां हैं और दोनों किसी भी तरफ से कोई भी सावधिक प्रतिबंध की हद में आए बगैर साथ-साथ चल सकती हैं। मामले के संदर्भ में आयोग ने मत व्यक्त किया कि इस मामले में सीपीसी, 1908 की धारा 10 नहीं लागू होती है और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अंतर्गत वर्तमान कार्यवाहियां नहीं रोकी जा सकती। आयोग ने आगे मामले के शीघ्र निपटान के लिए याचिकाकर्ता के अनुनय पर गौर किया।

31. इस दरम्यान, शिकायतकर्ता ने यह कहते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया कि उन्होंने अपने आवेदन दिनांक 13 अप्रैल, 2016 के द्वारा दैनिक भास्कर, बी.पी.एन. टाइम्स, दैनिक आचरण की दर सूचियां/टैरिफ कार्ड प्रस्तुत कर दिया था। प्रत्यर्थी ने अनुरोध किया कि उन्हें 24 अगस्त, 2016 को सुनवाई में उक्त दस्तावेज उपलब्ध कराया जाए। चूंकि उक्त दस्तावेज रिकार्ड में नहीं पाए गए थे, इसलिए कथित गुम हो गई फाइलों के संबंध में आयोग में रजिस्ट्री अनुभाग एवं प्राप्ति तथा प्रेषण अनुभाग द्वारा एक जांच की गई। रजिस्ट्री अनुभाग में रिकार्डों की संवीक्षा करने के पश्चात यह पाया गया कि अभ्यावेदन रजिस्ट्री अनुभाग में प्राप्त नहीं किया गया था। यह पाया गया कि प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग ने यह स्वीकार किया कि अभ्यावेदन प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग में प्राप्त तो किया गया था, परन्तु इसे उक्त अनुभाग की डायरी में प्रविष्ट किए बिना संबंधित अनुभाग को भेज दिया गया था। प्रत्यर्थी द्वारा दिनांक 9 अप्रैल, 2009 तथा 13

अप्रैल, 2016 को दिए गए अभ्यावेदन के गुम हो जाने संबंधी मामले पर विचार करते हुए, प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग को यह निदेश दिया गया कि आरसीसी तथा रजिस्ट्री अनुभाग के नाम से प्राप्त सभी डाक की बिना चूके डायरी की जाएगी और उन्हें एक अलग फोल्डर में रखा जाएगा तथा विधिवत् रूप से पावती प्राप्त करने के पश्चात् निदेशक (विधि)/रजिस्ट्रार के कार्यालय में भेज दिया जाएगा।

32. तब, आयोग ने दिनांक 21 अक्टूबर, 2016, 28 नवम्बर 2016, 9 जनवरी 2017 तथा 17 मार्च 2017 को दोनों पक्षकारों का तर्क सुना। दोनों पक्षकारों ने 17 मार्च 2017 को सुनवाई के समाप्त होने से पूर्व अपने मौखिक प्रस्तुतीकरणों के अलावा अपने तर्कों का लिखित सार-संक्षेप भी प्रस्तुत किया जिनका पक्षकारों के मध्य अपने आप आदान-प्रदान भी किया गया। 17 मार्च, 2017 को सुनवाई के ऐसे समापन में दोनो पक्षकारों के विद्वान काउंसेलों ने यह पुष्टि की कि उनके पास इस मामले में या तो मौखिक रूप से या लिखित रूप में आगे और कोई प्रस्तुतीकरण देने के लिए नहीं है।

33. शिकायतकर्ता ने अपने लिखित तथा मौखिक प्रस्तुतीकरणों में निम्नलिखित प्रकथनों का सहारा लिया:

(i) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि पेड न्यूज समिति, जिन्होंने "पेड न्यूज" की श्रेणी में 42 कथित समाचार मदों को देखा, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्यों तथा निर्वाचन आयोग के विशेषज्ञों से बनी थी। उक्त समिति की रिपोर्ट के आधार पर, प्रत्यर्थी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके अलावा, कारण बताओ नोटिस में शिकायतकर्ता के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं था और आयोग को ऐसी कार्यवाही शुरू करने की पूरी शक्ति प्राप्त है।

(ii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्यर्थी ने अपने जवाब में यह कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कार्यवाहियां केवल तभी की जाती हैं जब निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने में असफलता रही हो। प्रत्यर्थी ने यह भी कहा कि जब उनके विरुद्ध एक निर्वाचन याचिका उच्च न्यायालय में लंबित हो, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कार्यवाहियां संधारणीय नहीं है। शिकायतकर्ता ने,

प्रत्यर्थी द्वारा उठाए गए उपर्युक्त मुद्दों के विरुद्ध तर्क दिया कि उनके बारे में पैरा 59 में अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम डॉ. माधवराव किन्हालकर तथा अन्य (एआईआर 2014 एससी 310) में उच्चतम न्यायालय द्वारा 05 मार्च, 2014 को पहले ही निर्णय दिया जा चुका है जो निम्नानुसार है:-

59. किसी निर्वाचन याचिका की कार्यवाही की प्रकृति की तुलना में जब हम धारा 10क के अधीन निर्वाचन आयोग के कार्यक्षेत्र तथा अधिकार-क्षेत्र की छान-बीन करते हैं, तो आरंभ में यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि उसमें निहित शक्ति तथा अधिकार-क्षेत्र निर्वाचन आयोग को, संबंधित अभ्यर्थी के सफल निर्वाचन पर कार्रवाई करने सम्बन्धी आवरण प्रदान नहीं करता। दूसरे शब्दों में, धारा 10क के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुए, निर्वाचन आयोग सफल अभ्यर्थी के निर्वाचन को अपास्त नहीं कर सकता। धारा 10क में केवल निरर्हता के उस आदेश की बात करता है जिसे निर्वाचन आयोग जारी कर सकता है। इसके अतिरिक्त, ऐसे निरर्हता आदेश निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में असफल होने के लिए जारी किया जा सकता है और ऐसी विफलता समय के भीतर थी तथा अधिनियम द्वारा या इसके अधीन अपेक्षित रीति से थी। अत:, निर्वाचन अधिकरण (उच्च न्यायालय) द्वारा विचारण की जाने वाली निर्वाचन याचिका की परिधि तथा धारा 10क के अधीन पारित किए जाने वाले निरर्हता आदेश की परिधि पूरी तरह से भिन्न है और यह अवश्य उल्लेख किया जाना चाहिए कि एक का दूसरे से परस्पर विरोध नहीं है।

(iii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्यर्थी ने निश्चयपूर्वक कहा था कि चूंकि शिकायत वर्ष 2008 के निर्वाचन के संबंध में है और कारण बताओ नोटिस वर्ष 2013 में भेजा गया था, अत: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन उसके विरुद्ध कार्यवाही संधारणीय नहीं है। शिकायतकर्ता ने इस तर्क के विरुद्ध प्रकथन किया कि लोक प्रतिनिधित्व

अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कार्यवाही जारी रखने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि प्रत्यर्थी ने स्वयं विलम्बकारी कार्यनीति अपनाई।

(iv) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कार्यवाहियां विशुद्ध रुप से सिविल प्रकृति की हैं और इसका निर्णय अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम माधवराव किन्हालकर तथा अन्य (उपर्युक्त) में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए प्रमाणाधिक्यता की संभावना के आधार पर किया जाए, जैसा कि पैरा 86 में निर्धारित किया गया है, जो निम्नानुसार प्रस्तुत है:-

86. सर्वप्रथम, धारा 10क के अधीन की जाने वाली जांच, अधिनियम की धारा 123 के अंतर्गत आने वाले भ्रष्ट आचरण के किसी भी आरोप की जांच नहीं करना है। धारा 10क के अधीन जांच में की जाने वाली छान-बीन का क्षेत्र केवल निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने तथा यह कि क्या ऐसी प्रस्तुति अधिनियम के द्वारा या इसके अधीन यथापेक्षित रीति से की गई थी, के संबंध में है। दूसरे, जब ऐसी जांच की जाती है, तो उसका कार्यक्षेत्र वही होगा जो धारा 77(1) तथा (3) के साथ-साथ धारा 78 में यथा-अंतर्विष्ट होगा। उक्त उपबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्वाचन व्यय का सत्य एवं सही लेखा यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए रखें कि ऐसे व्यय अधिनियम के अधीन निर्धारित सीमा के भीतर हों और यह कि लेखे की ऐसी विवरणियों की एक प्रति धारा 78 के अधीन निर्धारित समय के भीतर दाखिल की जाए। जब धारा 123 के अधीन किसी भ्रष्ट आचरण का प्रश्न आता है, तो यह उल्लेख करना व्यर्थ है कि उक्त मामले की छान-बीन की परिधि निर्वाचन याचिका की सम्पूर्ण विषय-वस्तु के भीतर हो, जैसा कि अधिनियम के भाग VI के अध्याय-I से लेकर अधिनियम के अध्याय v में विहित किया गया है। पुनरावृति के जोखिम पर, यह दुहराया जाना होगा कि धारा 10क के अधीन जांच कमोवेश सिविल प्रकृति

की होगी और इसलिए, केवल संभाव्यताओं के प्रमाणाधिक्य का सिद्धांत ही एकमात्र रूप से लागू होगा और यह नोट करना सुसंगत है कि निरर्हता का आदेश, यदि कोई हो, कारण बताओ नोटिस के जारी किए जाने, उत्तर प्राप्त होने, आदि की अपेक्षा का पालन किए जाने के पश्चात धारा 10क के अंतर्गत पारित किए जाने के बाद भी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के लिए धारा 11 के अधीन आगे और उपचार उपलब्ध है जिसके द्वारा व्यथित अभ्यर्थी निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रदर्शित कर सके कि निरर्हता का आदेश, किस प्रकार नहीं टिक सकता है और इस पर अलग तरीके से विचार किया जाना चाहिए। यदि व्यथित अभ्यर्थी धारा 11 का उपयोग करते हुए भी अपनी शिकायत का निवारण करवाने में सक्षम नहीं भी हो तो उसके पास अधिनियम की धाराओं 10क एवं 11 के अधीन निर्वाचन आयोग द्वारा पारित किसी भी प्रकार के आदेश की यथातथ्यता पर प्रश्न उठाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 के अधीन संवैधानिक उपचार सदैव उपलब्ध है।

(v) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्यर्थी ने प्रतिविरोध किया था कि चूंकि इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी, दतिया ने कोई प्रतिकूल रिपोर्ट दाखिल नहीं की थी इसलिए उसके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कोई कार्यवाही शुरू नही की जा सकती है। शिकायतकर्ता ने इस प्रतिविरोध के विरुद्ध प्रकथन किया था कि डीईओ ने अपनी रिपोर्ट में केवल यह प्रस्तुत किया था कि लेखा उपयुक्त फॉर्मेट में दाखिल नहीं किया था तथा उन्होंने अभिकथित प्रकाशनों के संदर्भ में किसी प्रकार की जांच नहीं की थी। यह भी कि तथाकथित मामला अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम माधवराव किन्हालकर एवं अन्य (ऊपर) के मामले में पैरा 70 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले ही निर्णीत किया जा चुका है जो निम्नानुसार प्रस्तुत है:-

70. *निर्वाचन का संचालन पब्लिक डोमेन में होने के नाते, ऐसे निर्वाचन का प्रचालन प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में, समस्त निर्वाचन क्षेत्र में फैले हुए इलाके में होगा। यह कहना आवश्यक है कि ये जरूरी नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा किसी प्रकार की अवैधता या अनियमितता में लिप्त होने की जानकारी निर्वाचन आयोजकों को अवश्य ही हो बेशक निर्वाचन अधिकारी, सुरक्षा कार्मिक आदि जैसे विभिन्न कार्मिक निर्वाचन आयोग के नियंत्रणाधीन निर्वाचन कराने के उद्देश्य से अनन्य रूप से काम क्यों न कर रहे हों। इसलिए, निर्वाचन-क्षेत्र के कतिपय क्षेत्रों में निर्वाचन में लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा की गई अवैधताओं के ऐसे उदाहरण कुछ व्यक्तियों की जानकारी में आ सकते हैं जिनका ऐसे अभ्यर्थी के पास उपलब्ध धन बल की सहायता से निर्वाचन की प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए अभ्यर्थी के आचरण के संबंध में गंभीर परिणाम हो सकता है। इसलिए, यदि कोई व्यक्ति नियम 88 के अंतर्गत निरीक्षण करके किसी अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया में नियमों के ऐसे दुरुपयोग का प्राख्यान करने में सक्षम होता है और यदि संबंधित व्यक्ति यह पाता है कि निधियों का ऐसा दुरुपयोग घटित हुआ है, जिसका निर्वाचन व्यय के लेखे के विवरण में प्रकटन नहीं किया गया था, तो उसके पास उसे निर्वाचन आयोग की जानकारी में लाने का पूरा अधिकार होगा और धारा 10क के साथ पठित नियम 87 और 88 के अंतर्गत ऐसा अधिकार प्रदान करने का सही तात्पर्य यह है कि उसके पास शिकायत करने का आधार होगा,। साथ ही, धारा 10क के अंतर्गत की गई जांच की प्रक्रिया में, निर्वाचन आयोग तथाकथित धारा के अंतर्गत निरर्हता के उपयुक्त आदेश पारित करने के लिए निर्वाचन आयोग को सक्षम बनाने हेतु संबंधित व्यक्ति को शिकायत को प्रमाणित करने के लिए संगत सामग्री के साथ बुला सकता है। इसलिए*

अपीलार्थी के विद्वान वरिष्ठ कांउसेल का यह तर्क कि शिकायतों का कोई आधार नहीं है, स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

(vi) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि प्रत्यर्थी ने प्रतिविरोध किया है कि रिकार्ड में रखी गई कुछ समाचार मदें फोटोकापियां थीं जिन्हें स्वीकारा नहीं जा सकता। यह भी कि रिकार्ड में प्रदर्शों के रूप में दस्तावेजों के अनुचित अंकन का अत्यधिक सहारा लिया गया था। शिकायतकर्ता ने इस प्रतिविरोध के विरुद्ध ऑल पार्टी हिल लीडर्स कान्फ्रेंस बनाम डब्ल्यू.ए.संगमा (एआईआर 1977 एससी 2155) के मामले का उदाहरण दिया था जिसमें यह अभिनिश्चित किया गया था कि निर्वाचन आयोग संविधान के अनुच्छेद 136(1) के अर्थ के भीतर एक न्यायाधिकरण है और इसलिए भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के नियम आयोग के समक्ष होने वाली कार्यवाहियों पर लागू नहीं होते हैं।

(vii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्यर्थी ने समाचार मदों के जाली या गढ़े हुए होने के बारे में प्रकथन नही किया है अपितु, विरोध केवल इस बात का किया था कि अभिकथित समाचार मदों के प्रकाशन के लिए कोई नकदी या प्रतिफल नहीं दिया गया था। यहां तक कि समाचार-पत्र एजेंसियों के पत्रों में भी अभिकथित प्रकाशनों से इंकार नहीं किया था परन्तु केवल इस बात की घोषणा की गई थी कि प्रकाशनों के संदर्भ में प्रत्यर्थी या उनकी ओर से कोई भुगतान नहीं किया गया था। साथ ही, साक्षी, रमेश राजपूत जो प्रत्यर्थी के पक्ष में उपस्थित हुए थे, ने शिकायतकर्ता के कांउसेल द्वारा की गई प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया था कि समाचार पत्रों में प्रकाशन हुये थे।

(viii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि समाचार-पत्र एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत पत्रों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे किसी भी शपथ पत्र के द्वारा समर्थित नहीं हैं। साथ ही, जिन व्यक्तियों ने पत्र जारी किए हैं वे कभी भी आयोग के सामने उपस्थित नहीं हुए। तत्कालीन कलेक्टर भी पत्रों को प्रमाणित करने के लिए आयोग के समक्ष कभी भी उपस्थित

नहीं हुए थे। पत्रों पर एजेंसी की किसी प्रकार की मुहर नहीं लगी थी तथा उन्हें उपयुक्त पत्र-शीर्ष पर भी जारी नहीं किया गया था।

(ix) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि कलेक्टर दतिया, जो प्रत्यर्थी के पक्ष में साक्षी थे, ने शिकायतकर्ता के कांउसेल द्वारा की गई प्रतिपरीक्षा में साक्ष्यों के जोड़-तोड़ के आरोपों से इंकार तो नहीं किया था परन्तु उनका उत्तर देने से मना कर दिया था।

(x) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि अशोक शंकर राव चव्हाण के मामले में आयोग के आदेश की चुनौती में दिल्ली उच्च न्यायालय का निर्णय वर्तमान मामले में लागू नहीं होता है क्योंकि यह उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित नहीं किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में प्रत्यर्थी को जारी कारण बताओ नोटिस इस आधार पर अभिखंडित कर दिया था कि इसे व्यय के बारे में जानकारी एवं सहमति से संबंधित विवाद्यक की विरचना किए बिना जारी किया गया था। परन्तु वर्तमान मामले में, कथित विवाद्य आयोग द्वारा विरचित किया गया था। साथ ही, उमलेश यादव के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डिवीजन पीठ ने निर्वाचन आयोग के आदेश को मान्य ठहराया था जो आगे उच्चतम न्यायालय द्वारा भी मान्य ठहराया गया था। इस तरह, उमलेश यादव के मामले में निर्धारित विधि का बाध्यकारी प्रभाव होगा।

(xi) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि नोटिस में प्रत्यर्थी को 20 दिनों की समयावधि के अंदर कारण बताने का अवसर दिया गया था जो उसे निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89(6) के अधीन अवश्य दिया जाना चाहिए। परन्तु, गलती को ठीक करने की बजाय प्रत्यर्थी ने नोटिस की विषय-वस्तु से इंकार कर दिया।

(xii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि निर्वाचनों के दौरान व्यय पर अनुमेय सीमा के अभिवचन को वर्तमान मामले मे नहीं उठाया जा सकता है क्योंकि इसे केवल लो.प्र.अ. की धारा 11 के अधीन उठाया जा सकता है।

(xiii) शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्यर्थी ने अशोक शंकर राव चव्हाण के मामले में आगे प्रकथन किया था कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने सी.ई.आर. के नियम 89(5) के अधीन नोटिस को अभिखंडित कर दिया था। यहां तक की प्रत्यर्थी ने नोटिस को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी और बाद में, उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी परन्तु रिट याचिका खारिज कर दी गई थी। इसलिए, निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत नोटिस में कोई त्रुटि नहीं है। अशोक शंकर राव चव्हाण का उक्त निर्णय वर्तमान मामले के तथ्यों पर लागू नहीं होता है।

(xiv) शिकायतकर्ता के काउंसेल द्वारा प्रतिपरीक्षा में प्रदर्शों के रूप में चिह्नित कुछ फोटोप्रतियों के मुद्दे पर शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि उसने अपनी शिकायत के साथ संलग्न दस्तावेजों के समर्थन में शपथ-पत्र दिया है। उसने समाचारपत्रों की मूल प्रतियों के साथ फोटोप्रतियां भी दाखिल की हैं। साथ ही, उसने उल्लेख किया कि मूल प्रतियों से पुष्टि किए जाने के पश्चात फोटोप्रतियों पर प्रदर्श चिह्नित किए गए हैं।

(xv) इस बात पर कि क्या समाचार मदों में उस व्यक्ति के नाम की घोषणा अश्वय होनी चाहिए जो मद को प्रकाशित करना चाहते हैं, शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि प्रत्येक समाचार मद में प्रत्यर्थी के नाम का उल्लेख होता है और यह मामला कि समाचार मदें पेड न्यूज हैं या नहीं, उसका निर्णय आयोग द्वारा किया जाएगा।

(xvi) समाचार पत्रों द्वारा स्वैच्छिक प्रकाशन के मामले पर, शिकायतकर्ता ने तर्क दिया था कि वह इस तथ्य से असहमत हैं कि समाचार पत्रों द्वारा लेख/अपील/विज्ञापन प्रत्येक अभ्यर्थी की, उसके निर्वाचन क्षेत्र से उसकी लोकप्रियता के संबंध में, सूचना एकत्रित करने के पश्चात,स्वेच्छा से प्रकाशित किए गए थे।

(xvii) उपर्युक्त प्रतिविरोधों के दृष्टिगत, शिकायतकर्ता ने प्रार्थना की कि प्रत्यर्थी लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन तीन वर्षों के लिए निरर्हित घोषित किए जाने का

34. प्रत्यर्थी ने अपने लिखित तथा मौखिक प्रस्तुतीकरणों में निम्नलिखित प्रकथनों का सहारा लिया है:-

(i) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि उसे जारी किया गया कारण बताओ नोटिस निम्नलिखित बातें स्पष्ट करता है:-

क. इसे निर्वाचनों के परिणाम की घोषणा के चार वर्षों के पश्चात जारी किया गया है जो 08 दिसम्बर, 2008 को घोषित किया गया था।

ख. इसे केवल पेड न्यूज समिति के आधार पर जारी किया गया था तथा दिनांक 15 जनवरी, 2013 को नोटिस जारी करने से पहले आयोग द्वारा तथ्यों का स्वतंत्र रूप से आकलन एवं विचार नहीं किया गया। 2003(1) एमपीएलजे 180, में यह भी अभिनिर्धारित किया गया है कि यदि नोटिस बिना सोचे-समझे जारी किया जाता है तो यह विधि में स्वीकार्य नहीं है।

(ii) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि कारण बताओ नोटिस केवल पेड न्यूज समिति के प्रेक्षण के आधार पर जारी किया गया था जो कि किसी साक्ष्य पर आधारित नहीं था तथा उक्त समिति का केवल "एक प्रेक्षण" मात्र था जो एक बार फिर, उच्चतम न्यायालय के निर्णय नामतः एआईआर 1952एससी16 एवं (1997)7एससीसी622 के आलोक में विधि में अधारणीय है।

(iii) प्रत्यर्थी ने अपने प्रतिविरोधों में 42 विवादित समाचार मदों के प्रकाशन से इंकार किया है तथा कारण बताओ नोटिस के उत्तर में कहा है कि उसके द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय विधि के अनुसार हैं।

(iv) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि चूंकि प्रत्यर्थी द्वारा वर्ष 2013-2014 में आयोजित निर्वाचन में एक बार फिर सार्वजनिक जनादेश प्राप्त किया गया है इसलिए उक्त सार्वजनिक

जनादेश केवल इसलिए रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि लो.प्र. अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन उचित समय में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

(v) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि इस मामले में निम्नलिखित विधिक प्रावधान लागू होते हैं:

क. अधिनियम की धारा 123 भ्रष्ट आचरण को परिभाषित करती है तथा उप-धारा (6) धारा 77 के उल्लंघन में व्यय के उपगत या प्राधिकृत करने के बारे में बताता है। साथ ही, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के साथ पठित अधिनियम की धारा 146 में जांच करने की शक्ति का उपबंध किया गया है जिसमें आयोग को, जांच करते समय, धारा में इंगित तरीके से सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के प्रावधानों का अनुसरण करना है। इस प्रकार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन संपूर्ण जांच की जानी चाहिए।

ख. धारा 10क के अधीन, निर्वाचन आयोग निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में असफल होने के लिए ही किसी व्यक्ति को उस परिस्थिति में निर्रहित घोषित कर सकता है जब उसका समाधान हो जाए कि व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 द्वारा या उसके अधीन यथापेक्षित समय के भीतर और रीति से निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में असफल रहा है। इसके अतिरिक्त, इसमें कहा गया है कि अभ्यर्थी अधिनियम की धारा 77 के अधीन निर्वाचन के संबंध में उसके या उसके निर्वाचन एजेंट द्वारा उपगत या प्राधिकृत सभी व्यय का एक अलग और सही लेखा रखेगा।

उपर्युक्त सभी प्रावधानों तथा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 86 से 89 के संयुक्त पठन से निम्नलिखित बातें स्पष्ट होती हैं:-

क. अभ्यर्थी, निर्वाचन अधिसूचना की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा की तारीख तक निर्वाचन अवधि के दौरान उसके या उसके एजेंट द्वारा उपगत निर्वाचन व्यय का लेखा रखने के लिए बाध्य है।

ख. किसी प्रकार का व्यय, जो अभ्यर्थी या उसके एजेंट द्वारा उपगत नहीं किया गया है या अभ्यर्थी या उसके एजेंट द्वारा प्राधिकृत नहीं किया गया है, का कोई लेखा रखने के संबंध में लो.प्र. अधिनियम, 1951 के अधीन कोई प्रावधान नहीं है।

(vi) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल पूरी शिकायत को सीधे-सीधे पढ़ने पर यह तर्क नहीं मिलता है कि प्रत्यर्थी या उसके एजेंट या उनके प्राधिकार के अधीन तीसरे व्यक्ति द्वारा विवाद-ग्रस्त 42 समाचार मदों के प्रकाशन के प्रति कुछ भी भुगतान किया था। आयोग द्वारा मौके दिए जाने के बावजूद शिकायतकर्ता द्वारा इस बात का ऐसा एकल साक्ष्य भी नहीं प्रस्तुत किया गया था जो यह दर्शाए कि उक्त समाचार मदें प्रत्यर्थी के प्राधिकार के अधीन प्रकाशित की गई थीं। इस प्रकार, उसके द्वारा दायर शिकायत आधारहीन, तुच्छ है तथा अभिखंडित किए जाने योग्य है।

(vii) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि समाचार पत्रों की ओर से श्री रमेश राजपूत (दैनिक भास्कर) एवं श्री सुरेश शर्मा (दैनिक आचरण) की भी जांच की गई थी तथा उन्होंने स्पष्ट रूप से उक्त समाचार मदों के प्रकाशन के प्रति किसी प्रकार के धन के खर्च से मना किया है। फोटो-प्रतियां जो प्रदर्शों के रूप में चिह्नित की गई हैं, भी साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य नहीं हैं।

(viii) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम माधव राव किन्हालकर एवं अन्य (ऊपर) के मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि जिस अभ्यर्थी के विरुद्ध अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है, उसे सुने जाने का पूरा अवसर दिया जाना है तथा शिकायतकर्ता को बिना संदेह के प्रमाणित करना है कि विजेता अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया था। वर्तमान मामले में, शिकायतकर्ता शिकायत का आरोप सिद्ध करने में असफल रहे।

(ix) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि अशोक शंकर राव चव्हाण बनाम माधव राव किन्हालकर एवं अन्य (ऊपर) में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि चूंकि विधान सभा का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा था इसलिए निर्वाचन आयोग को कार्यवाही दैनिक आधार पर अवश्य चलानी चाहिए जिसका अर्थ यह है कि उच्चतम न्यायालय इस बात के प्रति सजग था कि कालावधि समाप्त होने के पश्चात अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। वर्तमान मामले में, विवादा-ग्रस्त निर्वाचन की कालावधि वर्ष 2013 में समाप्त हो गई तथा प्रत्यर्थी अपने प्रदर्शन, ईमानदारी तथा सार्वजनिक जनादेश के आधार पर पुन: निर्वाचित हो गया था। इस प्रकार, उच्चतम न्यायालय के उपर्युक्त फैसले के दृष्टिगत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अधीन प्रत्यर्थी के विरुद्ध आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

(x) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि जहां तक संभाव्यताओं के प्रमाणाधिक्य के सिद्धांत का संबंध है, उसे शिकायतकर्ता के पक्ष में नहीं लागू किया जा सकता अपितु, यह सिद्धांत सरल कारण से उसके खिलाफ जाएगा कि मामले में उपलब्ध संभाव्यताएं इस बात का संकेत देती हैं कि शिकायतकर्ता ने न तो अभिवचन दिया है और न ही प्रमाणित किया है कि व्यय प्रत्यर्थी या उसके प्राधिकार के अधीन किए गए थे।

(xi) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि अशोक शंकर राव चव्हाण (ऊपर) के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय दिए जाने के पश्चात आयोग ने उसके संदर्भ में निरर्हता का एक आदेश पारित किया परन्तु बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय ने, परामर्शी क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते हुए, आयोग के आदेश को इस आधार पर अपास्त कर दिया कि जो व्यय तथाकथित रूप से शामिल नहीं किया गया है, जो यदि अशोक शंकर राव चव्हाण के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाए और वह खर्चों की विहित ऊपरी सीमा के भीतर हो तो उस दशा में अधिनियम, 1951 की धारा 10क अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। प्रत्यर्थी ने यह भी प्रस्तुत किया है कि अधिनियम, 1951 की धारा 10क से संबंधित सभी प्रावधानों के संयुक्त पठन से यह पूर्णतया स्पष्ट हो जाता है कि निर्वाचन

व्यय, विधि के अधीन विहित अधिकतम सीमा से अधिक नहीं होने चाहिए जो कि विधि का ध्येय है। वर्तमान मामले में व्यय, किसी भी तरह से, व्यय की विहित सीमा से अधिक नहीं हुआ है।

(xii) प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि डीईओ ने आयोग द्वारा मंगवाई गई रिपार्ट के संदर्भ में अपनी जांच में स्पष्ट रूप से पाया कि प्रत्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय उचित प्रकार से प्रस्तुत किए गए थे।

(xiii) प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय के लेखे में खाली कॉलम के मुद्दे पर प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि जो भी व्यय खाते में अवश्य दिखाए जाने चाहिए थे वो पहले ही प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

(xiv) राज्य सरकार में मंत्री के पद का दुरुपयोग करने के मामले में प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि उसने आयोग के अधिकारियों के साथ मिली-भगत से कोई सबूत गढ़ने के लिए अपने पद का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया था।

(xv) क्या समाचार पत्रों ने उसके दबाव में आयोग को झूठे पत्र प्रस्तुत किए थे, इस विषय पर प्रत्यर्थी ने तर्क दिया था कि वह ऐसे किसी आरोप से मना करता है और उसने किसी भी समाचार पत्र पर कभी भी अनुचित प्रभाव का उपयोग नहीं किया।

(xvi) इस विषय पर कि उसे अभिकथित समाचार मदों/विज्ञापनों/इम्पैक्ट फीचरों आदि के बारे में सूचना/जानकारी कब प्राप्त हुई, उन्होंने कहा कि चूंकि उसने अभिकथित समाचार मदों के लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया था इसलिए इसके संबंध में जानकारी होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(xvii) प्रत्यर्थी के इस प्रस्तुतीकरण पर कि समाचारों का प्रकाशन भारतीय प्रेस ट्रस्ट की रिपोर्टों पर आधारित था, प्रत्यर्थी से पूछा गया कि क्या इसके लिए किसी प्रकार का श्रेय भारतीय प्रेस ट्रस्ट को दिया गया था, उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी

नहीं थी कि भारतीय प्रेस ट्रस्ट समाचारों को किस प्रकार प्रकाशित करती है परन्तु उन्होंने समाचारपत्रों को किसी प्रकार के धन का भुगतान नहीं किया है।

(xviii) प्रत्यर्थी के अतिरिक्त, श्री मदन कुमार गुप्ता, कलेक्टर दतिया से भी प्रत्यर्थी के साक्षी के रूप में प्रतिपरीक्षा की गई थी। उन्होंने आयोग द्वारा दाखिल निर्वाचन व्यय के लेखे का निरीक्षण करने से इंकार किया और कहा कि जो भी रिकार्ड निर्वाचन कार्यालय में विद्यमान थे वे सभी उसके द्वारा आयोग के समक्ष लाए गए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके पास जिला निर्वाचन अधिकारी दतिया से कार्यों के संबंधित प्रश्नों पर किसी प्रकार की टिप्पणियां नहीं थीं, क्योंकि ये प्रश्न उनके कार्यकाल से संबंधित नहीं हैं।

(xix) प्रत्यर्थी के अलावा, श्री रमेश राजपूत, संपादक, दैनिक भास्कर की प्रत्यर्थी के साक्षी के रूप में प्रति परीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि एजेंसी स्तर या रिपोर्टरों के स्तर पर किसी प्रकार का पेड न्यूज प्रकाशन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्हें न तो किसी प्रत्यर्थी ने और न ही किसी और ने कोई पेड न्यूज उपलब्ध कराया था। उन्होंने यह भी बताया था कि प्रत्यर्थी से प्राप्त किसी प्रकार के भुगतान का इंकार करते हुए दैनिक भास्कर के कार्यालय से जारी किया पत्र उनकी जानकारी में है और इसे एजेंसी के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जारी किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि यह संभव है कि एक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार मदें दूसरे समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जा सकती हैं। उन्होंने रिकार्ड में दैनिक भास्कर के दर कार्ड को स्वीकार किया। उनकी एजेंसी में उनके द्वारा रिकार्ड में रखे जाने वाले विज्ञापनों/याचिकाओं के बिलों, को रजिस्टर करने के प्रश्न के संबंध में, उन्होंने उत्तर दिया कि उक्त रजिस्टर पर प्रत्यर्थी के संबंध में किसी प्रकार की सूचना नहीं थीं और इसीलिए इसे रिकार्ड में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं थी।

(xx) प्रत्यर्थी के अलावा, दैनिक आचरण के क्षेत्रीय संपादक, श्री सुरेश शर्मा की प्रत्यर्थी के साक्षी के रूप में प्रति परीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि उनकी एजेंसी केवल

समाचारों/विज्ञापनों का प्रकाशन करती है और पेड न्यूज का प्रकाशन नहीं करती है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी कोई विशिष्ट दर सूची नहीं है जिसे उसकी एजेंसी द्वारा निर्वाचनों के दौरान जारी किया गया है। शुल्क कार्ड परिवर्तनाधीन है परंतु साथ ही इसे विशेष तौर पर निर्वाचनों के संबंध में भी जारी नहीं किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनके द्वारा प्रत्यर्थी को बचाने के किसी आशय के बिना जारी किया गया है।

35. प्रमुख मुद्दों पर विचार किए जाने से पहले, प्रत्यर्थी द्वारा उठाई गयी प्रारंभिक आपत्तियों को संक्षेप में प्रस्तुत करना उचित होगा।

(i) आयोग की कार्यवाही में विलम्ब के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा अपनी सभी प्रस्तुतियों में एक ही तर्क है। प्रत्यर्थी यह प्रश्न भी उठाता है कि चूंकि उनके पद का कार्यकाल वर्ष 2013 के पश्चात समाप्त हो गया था, इसलिए उन्हें कारण बताओ नोटिस नहीं भेजा जा सकता है। आयोग द्वारा दलों को आयोग में सुनवाई के लिए बुलाए जाने का निर्णय लेने के पश्चात, प्रत्यर्थी ने सुनवाइयों को निरन्तर आस्थगित करने के लिए अनेक आवेदन दायर किए थे। उन्होंने राधा मोहन सोनी द्वारा दायर की गयी रिट याचिका (रि.या.3512/2011) में आयोग के कार्यक्षेत्र के मुद्दे पर दी जा रही अंतरित सहायता के मद्देनजर कार्यवाहियों को विलंबित करने की भी कोशिश की। उनके निरंतर आवेदनों के बावजूद, आयोग ने सुनवाईयों को आस्थगित करने के केवल औचित्यपूर्ण कारणों पर ध्यान दिया। सुनवाइयां जो 22 अक्टूबर 2013 को शुरू की गयी थी, 17 मार्च, 2017 को पूरी हुई। इसमें इसके ऊपर बताए गए कारणों की भी वजह से, इस मामले में विलंब हुआ है।

(ii) प्रत्यर्थी ने आयोग के यह जांच आयोजित करने के आयोग के कार्यक्षेत्र के बारे में प्रारंभिक आपत्तियां उठायी थीं। धारा 77 और 78 के अंतर्गत प्रस्तुत व्यय के लेखों की यथार्थता या असत्यता को जानने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा

10क के अंतर्गत आयोग की शक्ति की एल.आर. शिवरामगौडा बनाम टी.एम. चन्द्रशेखर (एआईआर 1999 उच्चतम न्यायालय 252) के मामले से सही पुष्टि हो जाती है और अशोक चव्हाण के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा इसकी पुन: पुष्टि की गयी है। अशोक चव्हाण के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह भी अभिनिर्धारित किया कि जांच आयोजित करने का उद्देश्य केवल एक औपचारिकता नहीं था बल्कि यह सुनिश्चित करने की एक व्यापक जांच थी कि दायर किया गया लेखा सत्य, सही और प्रमाणिक है।

(iii) इसके अतिरिक्त, प्रत्यर्थी ने यह तर्क दिया कि संदेहात्मक व्यय को रिपोर्ट किए गए व्यय में जोड़ दिए जाने के बाद, यदि यह विधि द्वारा अनुमत अनुज्ञेय सीमा के अंतर्गत आता है तो धारा 10क के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। तथापि अशोक चव्हाण के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा अच्छी तरह से यह पुष्टि और पुन: पुष्टि की गयी है कि धारा 10क के उद्देश्यों के लिए लेखे की सत्यता और असत्यता महत्वपूर्ण है, चाहे अनुज्ञेय सीमा का उल्लंघन हुआ हो या नहीं।

(iv) अंत में, जैसा कि उच्चतम न्यायालय ने अशोक चव्हाण बनाम डा.माधवराव किंहलकर एवं अन्य (एआईआर 2014 उ.न्या. 3102) के मामले में यह टिप्पणी की कि यह जरूरी नहीं कि आयोग को दी गयी जिला निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट सीईआर 1961 के नियम 89(5) के अंतर्गत आयोग की संतुष्टि बनाए रखने के लिए संपूर्ण और एक मात्र आधार तैयार करे।

36. आयोग अब उन प्रमुख मुद्दों पर विचार करेगा जो दोनों पक्षों द्वारा उनके संबंधित मामलों के समर्थन में दिए गए प्रतिस्पर्धी तर्कों और प्रस्तुतियों के उल्लेख में उठते हैं। ऐसा करने में हम आयोग द्वारा 8 सितंबर 2014 को इस मामले में तैयार किए गए मुद्दों का उल्लेख कर सकते हैं।

<u>मुद्दा सं.1</u>: क्या विभिन्न समाचार पत्रों नामत: दैनिक भास्कर, नई दुनिया, दैनिक दतिया प्रकाश, आचरण ग्वालियर और बीपीएन टाइम्स में दतिया निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के

दौरान प्रकाशित समाचार लेख, प्रत्यर्थी के फोटो के साथ 'याचिकाएं', विज्ञापन आदि प्रत्यर्थी के निर्वाचन के संबंध में "पेड न्यूज/ विज्ञापन" माने जाएंगे?

37. पहला मुद्दा इस प्रश्न से संबंध रखता है कि क्या मध्य प्रदेश में वर्ष 2008 के निर्वाचनों में प्रचार अवधि के दौरान प्रकाशित अभिकथित समाचार मद "पेड-न्यूज" माने जाएंगे। पेड न्यूज पर राष्ट्रीय स्तर समिति ने अपनी बैठक में अंतिम रूप से अभिनिर्धारित किया कि सभी अभिकथित 42 समाचार मदें पेड-न्यूज की श्रेणी में आती हैं। चूंकि प्रत्यर्थी द्वारा अभिकथित पेड न्यूज के संबंध में जिला या राज्य स्तर पर किसी प्रकार की स्कैनिंग या रिपोर्टिंग नहीं की गयी थी, इसलिए पेड न्यूज संबंधी आयोग की समिति ने इस मामले में उच्चतम स्तर पर जांच का कार्य किया। प्रत्यर्थी द्वारा दिनांक 28 मई, 2012 को अपनी शिकायत के अभिकथित समाचार पत्र के प्रकाशन की मूल प्रतियां दायर करने के बाद पेड न्यूज समिति ने अपनी बैठकें आरंभ कीं और निम्नलिखित कारकों के आधार पर अपने निष्कर्षों पर पहुंची: (i) प्रकाशनों का समय (ii) प्रकाशनों में विशिष्ट रूप से दी गई विषय सामग्री, (iii) प्रकाशनों की उत्तोत्तर तारीखों पर एक समाचार पत्र से दूसरे समाचार पत्र पर विषय सामग्री की पुनरावृत्ति (iv) समाचार मदों के शीर्षक जिन्होंने विशेष रूप से प्रत्यर्थी को जोरदार ढंग से प्रोत्साहित किया (v) सबसे अधिक महत्वपूर्ण रूप से, किसी रिपोर्टर के नाम का उल्लेख किए बिना मद का प्रकाशन। समिति द्वारा दी गई ये टिप्पणियां इस निष्कर्ष का समर्थन करती हैं कि उक्त समाचार मदें "पेड न्यूज" थीं।

38. सभी 42 पेड न्यूज मदें प्रतिवादी के पक्ष में अत्यधिक रूप से पक्षपातपूर्ण थीं। इनमें से अधिकांश "इंपैक्ट फीचर्स" के रुप में मुद्रित थीं जिन्हें पूर्व मोल तोल की गई शर्तों पर संबंधित समाचार पत्र की प्रचलित विज्ञापन नीति के अनुसार प्रारूपिक रूप से भुगतान किया जाता है। उक्त मदें पेड न्यूज संबंधी आयोग के सार संग्रह में अंतर्निहित उदाहरणों के साथ पूरी तरह से मिलती हैं।

39. अपनी प्रति-परीक्षा में प्रत्यर्थी ने यह तर्क दिया कि भारतीय प्रेस ट्रस्ट जैसी समाचार एजेंसियों ने अभिकथित पेड न्यूज मदों का प्रकाशन किया है। उसके तर्क से आगे यह अनुमान लगाया जाता है कि भारतीय प्रेस ट्रस्ट जैसी समाचार एजेंसियों के पास देश भर में संवाददाता होते हैं जो निर्वाचन समाचारों, अभ्यर्थियों की जीत की संभावना आदि को कवर करते हैं और जमीनी स्थिति की रिपोर्ट देते हैं। समाचार पत्रों द्वारा ऐसी रिपोर्ट प्राय: बिना संपादन किए ही चुन ली जाती हैं और प्राय: एक ही रिपोर्ट शब्दश: शब्द आती है। इस प्रकार प्रत्यर्थी ने इस ढंग से संबंधित समाचार पत्रों में अभिकथित मदों के प्रकटन को स्पष्ट करने का प्रयास किया। यद्यपि, इस विशेष मामले में प्रत्यर्थी का तर्क युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित इन "रिप्लिका" मदों में से किसी में भी पीटीआई या संबंधित एजेंसी या रिपोर्टर के नाम के प्रति क्रेडिट लाइन नहीं दी गयी है जो दिए गए तथ्य को सिद्ध करने के लिए जरूरी है। साथ ही, केवल जब समाचार एजेंसी रिपोर्ट से सूचना ली जाती है और अन्य तथ्यों समेत किसी मद को नए सिरे से प्रारूपित किया जाता है तभी ऐसे क्रेडिट को इंकारा जा सकता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, शिकायतकर्ता द्वारा रिकार्ड में दायर की गयीं समाचार पत्रों की मूल प्रतियों की जांच करने पर निर्वाचन में मतों के लिए निम्नलिखित मदें प्रत्यक्ष अपील मानी गयी हैं जिसकी विषय सामग्री से इस दृष्टि से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इसे स्वयं प्रत्यर्थी या उसके एजेंट या उसके प्राधिकार के अंतर्गत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रकाशित किया गया हो।

(क) डा. नरोत्तम मिश्र, श्री शिवराज सिहं चौहान के फोटो और भारतीय जनता पार्टी के पार्टी प्रतीक के साथ दिनांक 27 नवम्बर, 2008 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित "विनम्रआग्रह"। समाचार मदों में से अभिकथित विषय सामग्री इस प्रकार है:-

"मैं डॉ.नरोत्तम मिश्र, आप सभी को साक्षी मान कर
संकल्प लेता हूँ की आज आपने मुझे सहयोग दिया
तो मैं आने वाले बरसों में वे सारे संकल्प और

आपके सपने पुर करूँगा जो आपके समक्ष ले रहा



(ख) डॉ. नरोत्तम मिश्र के फोटो के साथ दिनांक 27 नवम्बर, 2008 को दैनिक नई दुनिया में प्रकाशित "नरोत्तम की जीत से होगा दतिया का विकास" यह समाचार मद निर्वाचन क्षेत्र में मतदान दिवस पर "नई दुनिया रिसपांस फीचर" के रूप में मुद्रित की गयी है। समाचार मदों में अभिकथित विषय सामग्री इस प्रकार है-

"मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूँ कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को तीव्र गति देने के लिए हर हाथ को काम मिले, क्षेत्र के वातावरण में शांति और समृद्धि रहे, क्षेत्र में नये उद्योग और धंधे लगें इसके लिए आज होने वाले मतदान में आप कमल के फूल पर बटन दबायें."

नरोत्तम की जीत से होगा दतिया का विकास

दतिया क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, माता-बहिनों एवं उनके कंधे से कंधा मिलकार चलने वाले युवा नौजवानों से डॉ0 नरोत्तम मिश्र ने कमल के फूल पर मतदान करने का आग्रह किया है। डॉ0 मिश्र ने कहा कि मुझे पार्टी ने आपकी सेवा करने का दायित्व सौंपा है। इस बार का चुनाव आम नहीं खास है, यह चुनाव नहीं चयन का समय है। माननीय शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसमें दतिया की भागीदारी सुनिश्चित हो दतिया को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के खातिर क्षेत्र में अमन-शांति का वातावरण एवं हर हाथ को को काम मिले। इसके लिए आपको निर्णय लेना ही है।

कोरी अफवाहों और वादा खिलाफी करके अब तक जीतने वालों को इस बार उन्हीं की तर्ज पर प्रत्युत्तर देना है। आखिर हर बात की बर्दाश्त करने की भी एक सीमा होती है। अपने नौनिहालों को बेहतर उच्च शिक्षा, सड़क, चिकित्सा और बिजली पानी भरपूर मात्रा में मिले। बुद्धिजीवी होने के नाते यह हमारा भी कर्तव्य है। हमारा फर्ज है कि हमें मूकदर्शक बनकर इस बार नहीं रहना है। कमल बनकर खड़े हो जाना है। आज पूरे दतिया क्षेत्र में परिवर्तन की लहर स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रही है। सच बात तो यह है कि दतिया नगर के विकास के लिए इन लोगों की सोच कभी नहीं रही। म.प्र.की विधानसभा में कभी भी यहां से चुने जाते जनप्रतिनिधियों की आवाज गूंजी ही नहीं इनकी कोई नीति नहीं है, निष्ठा नहीं है, जनता की दुख तकलीफों से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है। विकास करने की क्षमता नहीं है। इस कारण जिला होते हुये भी दतिया में विकास न के बराबर हुआ है।

मुझे दतिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की प्रेरणा यहां के स्थानीय कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनसमुदाय ने दी, जब उन्होंने बताया कि दतिया में रोजगार की समस्या और क्षेत्र के विकास की पुरजोर आवाज प्रदेश सरकार तक नहीं पहुंचती है। इसलिये महांशी होने के नाते दतिया को भी अपना क्षेत्र समझं और ज्वलंत समस्याओं का तत्काल निराकरण करूं। जनता जर्नादन का कथन एकदम कटु सत्य था। जिसे झुठलाया नहीं जा सकता था। और न ही कल पर टाला जा सकता था। यहां के हालात पर जब गौर किया तो मैंने पाया कि दतिया की सबसे विकराल समस्या पेयजल की है, अल्प वर्षा और लापरवाही के चलते तालाबों का पानी सूख गया है और आमजनता के सामने अपनी अनेकों समस्याओं के साथ रात-रात भर जागकर पानी भरने, टैंकों से पानी खरीदने एवं परिवार को चलाने को दिनभर मेहनत में उसके दिन जूझते बीत रहे हैं।

हालात यहां तक बिगड़े कि सुरक्षा के अभाव में व्यापारी पलायन करने को मजबूर होने लगे। उद्योग एवं व्यापार पिछड़ने लगे। बढ़ते अपराध एवं रोजगार के अभाव में दतिया क्षेत्र का पिछड़ापन और बेरोजगारी का स्वरूप बढ़ता ही गया। जिसके मूल कारण में यही रहा कि जनता की प्रतिनिधियों से बढ़ती दूरी और क्षेत्र की उपेक्षा। एक-दूसरे पर दोशारोपण करके दतिया के माहौल को, यहां की राजनीति को अपराध के साये में ढकेलते रहे। रोजगार के अभाव में नवयुवकों का उपयोग अपराध की दिशा में किया जाने लगा। दतिया क्षेत्र के विकास में कोई अड़चन नहीं थी। सिर्फ विकास की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति और सोच का अभाव था। मैंने मां पीताम्बरा की नगरी दतिया को कर्मभूमि मानकर सम्पूर्ण क्षेत्र को विकास से परिपूर्ण किया।

माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया के विकास के लिए मेरा संघर्ष अन्तिम दम तक जारी रहेगा। विकास के क्षेत्र में दतिया शहर और समस्त ग्रामीण क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य होगें। लोगों के सभी सपने साकार होगें। मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूं कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो को तीव्र गति देने के लिए हर हाथ को काम मिले क्षेत्र के वातावरण में शान्ति और समृद्धि रहे। क्षेत्र में नये उद्योग-धंधे लगें इसके लिए आज होने वाले मतदान में आप कमल के फूल पर बटन दबायें। एवं प्रदेश में फिर बनने जा रही भाजपा सरकार में सहयोगी भागीदारी निश्चित करें।

(ग) डा. नरोत्तम मिश्र के फोटो और भारतीय जनता पार्टी के पार्टी प्रतीक के साथ दिनांक 27 नवम्बर, 2008 को दैनिक दतिया प्रकाश में प्रकाशित "मतदात बंधुओं से नम्र निवेदन"। यह समाचार मद मतदान दिवस पर प्रकाशित किया गया था और जो " आपका डॉ. नरोत्तम दास मिश्र, भाजपा प्रत्याशी विधान सभा क्षेत्र 22" शब्दों के साथ समाप्त होता है। समाचार मदों में अभिकथित विषय सामग्री इस प्रकार है:-

"दतिया क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, माता-बहनों एवं

उनके कंधे से कंधा मिलकर चलने वाले युवानौजवानों से

डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने कमल के फूल पर मतदान करने का

आग्रह किया है."

" मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूँ कि क्षेत्र

में चल रहे विकास कार्यों को तीव्र गति देने के लिए हर

हाथ को काम मिले, क्षेत्र के वातावरण में शांति और

समृद्धी रहे, क्षेत्र में नये उद्योग और धंधे लगें इसके लिए

आज होने वाले मतदान में आप कमल के फूल पर बटन

दबायें."

मतदाता बंधुओं से नम्र निवेदन

दतिया क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, माता–बहिनों एवं उनके कंधे से कंधा [illegible] चलने वाले युवा नौजवानों से डॉ. नरोत्तम मिश्र
ने कमल के फूल पर मतदान करने का आग्रह किया है। डॉ. मिश्र ने कहा कि मुझे पार्टी ने आपकी सेवा करने का दायित्व सौंपा है। इस
बार का चुनाव आम नहीं खास है. यह चुनाव नहीं चयन का समय है। माननीय [illegible] सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा
की सरकार बनने जा रही है। इसमें दतिया की भागीदारी सुनिश्चित हो दतिया [illegible] विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, आने वाली पीढ़ी के
[illegible] भविष्य के [illegible] है आम–शांति का वातावरण एवं [illegible] मिले। इसके लिए अपने निर्णय लेना ही [illegible]
कोरी अफवाहों और वादा खिलाफी करके अब तक जीतने वालों को [illegible] उन्हीं की तर्ज पर प्रत्युत्तर देना है। आखिर हर
बात की बर्दाश्त करने की भी एक सीमा होती है। अपने नौनिहालों को बेहतर उच्च शिक्षा, सड़क, चिकित्सा और बिजली पानी भरपूर मात्रा
में मिले। बुद्धिजीवी होने के नाते यह हमारा भी कर्तव्य है। हमारा फर्ज है कि हमें [illegible] बनकर इस बार नहीं रहना है। कमल बनकर
खड़े हो जाना है। आज पूरे दतिया क्षेत्र में परिवर्तन की लहर स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रही है। सच बात तो यह है कि दतिया नगर के विकास
के लिए इन लोगों की सोच कभी नहीं रही।
म.प्र. की विधानसभा में कभी भी यहां से चुने जाते जनप्रतिनिधियों की आवाज गूंजी ही नहीं इनकी कोई नीति नहीं है, निष्ठा नहीं
है, जनता की दुख तकलीफों से इन्हें कोई लेना–देना नहीं है। विकास करने की क्षमता नहीं है। इस कारण जिला होते हुये भी दतिया
में विकास न के बराबर हुआ है। पिछले 66 वर्षों में दतिया का विकास न करके उसे गर्त में ढकेलने के लिए दोनों परिवार जिम्मेवार है।
[illegible]–दतिया लोकसभा से
सन् 1985 से 1990 के बीच
सांसद एवं सेवढ़ा विधायक
तीनों के तीन सत्ताधारी दल
भी भरपूर विकास नहीं हुआ।
है। आज आपको पूरा हक
जनप्रतिनिधियों से उनकी
कार्यों का ब्यौरा लेने का।
मुझे दतिया [illegible]
की प्रेरणा यहां के स्थानीय
जनसमुदाय ने दी, जब उन्होंने
की समस्या और क्षेत्र के
प्रदेश सरकार तक नहीं
होने के नाते दतिया को भी

और दतिया के विधायक
कांग्रेस के थे। उसके बाद
यह सोच एवं शोध का विषय
है। अपने चुने हुये
उपलब्धियों, उनके [illegible]
[illegible]नसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने
कार्यक्रम में उपस्थित विशाल
बताया कि दतिया में रोजगार
विकास की पुरजोर आवाज
पहुंचती है। इसलिये पड़ोसी
अपना क्षेत्र समझूं और
[illegible] जनता जनार्दन का कथन एकदम कटु सत्य था। जिसे झुठलाया नहीं जा सकता था।
ज्वलंत समस्याओं का तत्काल निराकरण करूं। जनता जनार्दन का कथन एकदम कटु सत्य था। जिसे झुठलाया नहीं जा सकता था।
और न ही कल पर टाला जा सकता था। यहां के हालात पर जब गौर किया तो मैंने पाया कि दतिया की सबसे विकराल समस्या पेयजल
की है, अल्प वर्षा और लापरवाही के चलते तालाबों का पानी सूख गया है और आमजनता के सामने अपनी अनेकों समस्याओं के साथ
दिन–रात भर जागकर पानी भरने, पैसों से पानी खरीदने एवं परिवार को चलाने को दिनभर मेहनत में उसके दिन गुजरते बीत रहे है।
हालात यहां तक बिगड़े कि सुरक्षा के अभाव में व्यापारी पलायन करने को मजबूर होने लगे। उद्योग एवं व्यापार पिछड़ने लगे।
बढ़ते अपराध एवं रोजगार के अभाव में दतिया क्षेत्र का पिछड़ापन और बेरोजगारी का स्वरूप बढ़ता ही गया। जिसके मूल कारण में यही
रहा कि जनता की प्रतिनिधियों से बढ़ती दूरी और क्षेत्र की उपेक्षा। एक–दूसरे पर दोषारोपण करके दतिया के माहौल को, यहां की राजनीति
को अपराध के साये में ढकेलते रहे। रोजगार के अभाव में नवयुवकों का उपयोग अपराध की दिशा में किया जाने लगा। दतिया क्षेत्र के
विकास में कोई अड़चन नहीं थी। सिर्फ विकास की दिशा में पुरजोर स्तर पर कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति और धैर्य का अभाव था। मैंने
मां पीताम्बरा की नगरी दतिया को कर्मभूमि मानकर सम्पूर्ण क्षेत्र को विकास से परिपूर्ण किया। [illegible] बांध से सीतासागर तालाब
भरने की योजना को मैंने प्राथमिक–स्तर पर पूर्ण कराया, रामसागर तालाब भरने की योजना सम्पन्न करायी, जिला अस्पताल दतिया में
आई.सी.यू. इमारत एवं ब्लड–बैंक की सुविधा का कार्य एवं औद्योगिक स्तर पर [illegible] कारखाना 100 करोड़ रुपये की योजना दतिया में
प्रारम्भ करायी, जिसका शिलान्यास हो चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क निर्माण, गांव की गलियों में सीमेंट कंक्रीट
का निर्माण, बड़ौनी को नगर पंचायत का दर्जा, दतिया को पवित्र नगरी घोषित कराया एवं दतिया को पर्यटन के क्षेत्र में जोड़ने और दतिया
का सौन्दर्यीकरण जैसी अनेक योजनायें पूर्ण करना है। आपके सामने स्पष्ट है कि मैंने पांच साल में पांच वर्षों का विकास कार्य किया है।
मैंने अपने विकास का चर्चा आपके समक्ष रखा है, जो प्रमाण सहित आपके सामने है। [illegible]
मां पीताम्बरा की नगरी दतिया के विकास के लिए मेरा संघर्ष अन्तिम दम तक जारी रहेगा। विकास के क्षेत्र में दतिया शहर और
समस्त ग्रामीण क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य होंगे। लोगों के सभी सपने साकार होंगे। मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूं
कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को तीव्र गति देने के लिए हर हाथ को काम मिले क्षेत्र के वातावरण में शान्ति और समृद्धि रहे। क्षेत्र
में नये उद्योग–धंधे लगें इसके लिए आज होने वाले मतदान में आप कमल के फूल पर बटन दबायें। इस प्रदेश में फिर बनने जा रही भाजपा
सरकार में सहयोगी बनकर अपनी भागीदारी निश्चित करें। धन्यवाद सहित!

– डॉ. नरोत्तम मिश्र

भाजपा प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र 22

40. आयोग प्रत्यक्ष रूप से अपील करने के उपर्युक्त साक्ष्य के दृष्टिगत अभिनिर्धारित करता है:

i. पहली समाचार मद डॉ. नरोत्तम मिश्रा, श्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी के दलीय प्रतीक के फोटो के साथ प्रकाशित की गई थी। साथ ही,"मैं डॉ. नरोत्तम मिश्रा..." शब्दों के उल्लेख वाली समाचार मद की विषय-वस्तु यह सुस्पष्ट रूप से दर्शाती है कि अपील प्रत्यर्थी द्वारा स्वयं/अपने पक्ष में मतदान करवाने के लिए निर्वाचन-क्षेत्र में लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रकाशित करवाई गई थी। इसी तरह, दूसरी एवं तीसरी समाचार मद, जो डा. नरोत्तम मिश्रा के फोटो के साथ मतदान दिवस को ही प्रकाशित हुई थी जिसमें "मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूँ...." शब्दों के उल्लेख वाली विषय-वस्तु भी उसी बात का प्रकटन करती है। तीसरी समाचार मद भी शब्दों, "आपका डॉ.नरोत्तम मिश्रा, भाजपा प्रत्याशी विधान सभा क्षेत्र 22" के साथ समाप्त होती है और इस बात का प्रबल संकेत देती है कि उपर्युक्त समाचार मद स्वयं प्रत्यर्थी द्वारा प्रकाशित करवाई गई थी।

ii. डॉ. नरोत्तम मिश्रा के फोटो एवं भारतीय जनता पार्टी के दलीय प्रतीक के साथ वाक्यांश "मैं डॉ. नरोत्तम मिश्रा ....." और " मैं आपसे विनम्रता से करबद्ध निवेदन करता हूँ...." एक ऐसा परिस्थितिजन्य प्रतिपादन पेश करता है जिसमें प्रत्यर्थी यह तर्क नहीं दे सकते कि उपर्युक्त समाचार मद उनके या उनके एजेंट द्वारा नहीं प्रकाशित किया गया था।

41. इस प्रकार, आयोग पेड न्यूज समिति की यह रिपोर्ट स्वीकृत करता है कि 42 अभिकथित समाचार मदें प्रत्यर्थी के निर्वाचन के संबंध में वास्तव में "पेड न्यूज/विज्ञापन के अन्तर्गत आती हैं।

<u>मुद्दा सं.2:</u>क्या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अभिप्राय के अंतर्गत अभिकथित प्रकाशनों पर व्यय या तो प्रत्यर्थी या उसके निर्वाचन एजेंट या किसी अन्य व्यक्ति

द्वारा प्रत्यर्थी या उसके निर्वाचन एजेंट की विवक्षित राय या जानकारी से उपगत/प्रधिकृत किया गया है?

12. दूसरा मुद्दा यह है कि क्या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 के अभिप्राय के अंतर्गत अभिकथित प्रकाशनों पर व्यय या तो प्रत्यर्थी या उसके निर्वाचन एजेंट या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा प्रत्यर्थी या उसके निर्वाचन एजेंट की प्रत्यक्ष या विवक्षित राय या जानकारी से उपगत या प्राधिकृत किया गया था।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 नीचे उद्धृत की जाती है:-

77. निर्वाचन व्ययों का लेखा और उनकी अधिकतम मात्रा---

(1) निर्वाचन में हर अभ्यर्थी निर्वाचन संबंधी उस सब व्यय का जो, (उस तारीख के, जिसको यह नामनिर्दिष्ट किया गया है) और उस निर्वाचन के परिणामों की घोषणा, की तारीख के, जिनके अंतर्गत ये दोनों तारीखें आती हैं, बीच स्वयं द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगत या प्राधिकृत किया गया है, पृथक् और सही लेखा या तो वह स्वयं रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा। (स्पष्टीकरण 1---शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोषित किया जाता है कि,-- किसी राजनैतिक दल के नेताओं द्वारा, राजनैतिक दल के कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए विमान द्वारा या परिवहन के किसी अन्य साधन द्वारा की गई यात्रा मद्धे उपगत व्यय इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए उस राजनैतिक दल के अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन के संबंध में उपगत या प्राधिकृत व्यय नहीं माना जाएगा:

(2) धारा 123 के खंड (7) में वर्णित वर्गों में से किसी से संबंधित किसी व्यक्ति द्वारा सरकार की सेवा में और खंड के परन्तुक में यथावर्णित अपने शासकीय कर्तव्य के निर्वहन में या

(3) तात्पर्यित निर्वहन पर किए गए व्यय को इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन के संबंध में उपगत या प्राधिकृत व्यय नहीं माना जाएगा:

स्पष्टीकरण 2.–स्पष्टीकरण 1 के खंड (क) के प्रयोजनों के लिए, किसी निर्वाचन के संबंध में, "राजनैतिक दल के नेताओं" पद से,– (i) जहां ऐसा राजनैतिक दल मान्यताप्राप्त दल है, वहां संख्या में चालीस से अनधिक ऐसे व्यक्ति, और (ii) जहां ऐसा राजनैतिक दल किसी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दल से भिन्न है, वहां संख्या में बीस से अनधिक ऐसे व्यक्ति, अभिप्रेत है, जिनके नाम राजनैतिक दल द्वारा ऐसे निर्वाचन के प्रयोजनों के लिए नेताओं के रूप में ऐसे निर्वाचन के लिए, यथास्थिति, भारत के राजपत्र में या उस राज्य के राजपत्र में इस अधिनियम के अधीन प्रकाशित अधिसूचना की तारीख से सात दिन की अवधि के भीतर निर्वाचन आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को संसूचित कर दिए गए हैं:

परन्तु कोई राजनैतिक दल, उस दशा में जहां, यथास्थिति, खंड (i) में यह खंड (ii) में निर्दिष्ट व्यक्तियों में से किसी की मृत्यु हो जाती है या वह ऐसे राजनैतिक दल का सदस्य नहीं रहता है, निर्वाचन आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को और संसूचना द्वारा, ऐसे निर्वाचन के लिए अंतिम मतदान पूरा होने के लिए नियत समय समाप्त होने के ठीक अड़तालीस घंटे पहले समाप्त होने वाली अवधि के दौरान, इस प्रकार मृत व्यक्ति या सदस्य न रहे व्यक्ति के नाम के स्थान पर, नए नेता को पदाभिहित करने के प्रयोजनों के लिए नया नाम प्रतिस्थापित कर सकेगा।

(2) लेखे में ऐसी विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी जैसी विहित की जाएं।

(3) उक्त व्यय का जोड़ उस रकम से अधिक न होगा जो विहित की जाए।

1. शिकायतकर्ता ने दैनिक भास्कर, नई दुनिया, दैनिक दतिया प्रकाश, ~~आचरण ग्वालियर~~ और बीपीएन टाइम्स समाचार-पत्रों के उन पृष्ठों की मूल और फोटो-प्रतियां दोनों प्रस्तुत की हैं

जिनमें कथित विज्ञापन प्रकाशित किए गए थे। जैसकि पेड न्यूज समिति ने नोट किया है, ये प्रकाशन 8 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2008 तक (प्रचार अवधि के दौरान) लगभग रोजाना प्रकाशित हुए है; इनमें प्रत्यर्थी के बारे में अनन्य रूप से सूचना दी गई थी तथा ये उनके प्रति काफी पक्षपातपूर्ण प्रतीत होते हैं। एक विशेष समाचार मद, "तो इसीलिए सबसे अलग हैं नरोत्तम" शीर्षक से आचरण में 15 नवम्बर को, नई दुनिया में 11 नवम्बर को एवं दैनिक भास्कर में 9 नवम्बर को भी उसी शीर्षक के साथ और मद के मुख्य भाग के शब्दश: पुन: प्रस्तुतीकरण के साथ प्रकाशित हुआ था। इसके अतिरिक्त, बहुत से समाचार मदों की सुर्खियाँ भी उनका जोरदार ढंग से समर्थन करते हुए प्रतीत होती हैं जिनमें कहा गया था कि प्रत्यर्थी इस निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए यह जरूरी है; उनकी जीत निश्चित एवं आसन्न है, इत्यादि। विपक्षी अभ्यर्थियों अथवा उनके घोषणा-पत्र या अभियान आदि का कोई कवरेज नहीं किया गया था। महत्वपूर्ण बात यह है, जैसा कि उपर्युक्त में देखा गया है, अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्ष अपीलों के फार्मेट में तीन समाचार मदें प्रकाशित हुई थीं जो मतदान दिवस के दिन तीन अलग-अलग समाचार-पत्रों में प्रकट हुई थीं।

(i) डा. नरोत्तम मिश्रा श्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी के दलीय प्रतीक की फोटोयुक्त एक मद 27 नवम्बर, 2008 को दैनिक भास्कर में छपी थी;

(ii) डा. नरोत्तम मिश्रा की फोटोयुक्त एक मद 27 नवबंर, 2008 को दैनिक नई दुनिया में और निर्वाचन-क्षेत्र में मतदान के दिन 'नई दुनिया रिस्पांस फीचर' के रूप में मुद्रित।

(iii) डा. नरोत्तम मिश्रा की फोटो और भा.ज.पा. के प्रतीक के साथ एक मद 27 नवम्बर, 2008 को दैनिक दतिया प्रकाश ने छापा था। यह मद 27 नवबंर, 2008 को "आपका डा. नरोत्तम मिश्रा, भाजपा प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र" शब्दों के साथ पुन: प्रकाशित हुई।

44. इसके पश्चात, प्रत्यर्थी की 26 मई, 2016 को शिकायतकर्ता के काउंसेल द्वारा आयोग के समक्ष प्रतिपरीक्षा की गई थी और उनसे विशेष रूप से पूछा गया कि विधान सभा निर्वाचन 2008 में प्रेस-निर्देशन के समय से लेकर मतदान दिवस की अवधि के दौरान छपी कथित समाचार

